मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, रविवार, 10 मई 2026
संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 9 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 235, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ नए घर में प्रवेश करते समय आजमाएं ज्योतिष के ये उपाय
फिर भैरवा बनकर लौट रहे प्रभास ◂◂ 6


फिल्मी अंदाज में डोडा तस्करी की कोशिश नाकाम

# पुलिस ने ट्रक समेत कई बोरा अवैध डोडा किया जब्त

## पशु आहार के नीचे डोडा को छुपा कर रखा गया था



**खूंटी:** जिले में अवैध अफीम और डोडा के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई से तस्कर अब नए-नए हथकंडे अपनाने लगे हैं। फिल्मों से प्रेरित होकर तस्करी के तरीके भी बदल रहे हैं, लेकिन खूंटी पुलिस की सतर्कता के आगे तस्करों की चाल इस बार भी नाकाम साबित हुई। रविवार अहले सुबह रनिया थाना क्षेत्र के भालूटोली गांव के पास पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा, जिसमें नीचे भारी मात्रा में प्रतिबंधित डोडा छिपाकर रखा गया था और ऊपर मवेशियों का चारा लाद दिया गया था, ताकि किसी को शक न हो।

जानकारी के अनुसार, खूंटी-कोलेबिरा स्टेट हाईवे-3 पर रनिया और कमडरा बॉर्डर के समीप पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक एलपी ट्रक में अवैध डोडा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार तड़के करीब 3 बजे भालूटोली गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान यूपी नंबर यूपी-यूटी -8597 ट्रक को रोककर तलाशी ली गई।

जांच के दौरान पुलिस भी उस समय हैरान रह गई जब ट्रक के नीचे डोडा के बोरे छिपाकर रखे गए मिले, जबकि ऊपर मवेशियों का चारा और चोकर लादा गया था। तस्करों ने बिल्कुल फिल्म पुष्पा की तर्ज पर तस्करी का तरीका अपनाया था, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। हालांकि पुलिस की सतर्कता और गुप्त सूचना के कारण पूरा खेल उजागर हो गया।

फिलहाल ट्रक में कितने बोरे डोडा लोड थे और उसकी अनुमानित कीमत कितनी है, इसका खुलासा आधिकारिक रूप से नहीं हो सका है। पुलिस पूरे ट्रक को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि डोडा की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा भी मौके पर पहुंचे और जांच की निगरानी की। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी नेटवर्क के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। शुरूआती जांच में अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो खूंटी जिले में इससे पहले भी कुंजला स्थित पेट्रोल पंप के पास इसी तरह का मामला सामने आया था, जहां ट्रक के नीचे डोडा छिपाकर ऊपर नारियल दाभ लादकर तस्करी की जा रही थी। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से साफ है कि तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन खूंटी पुलिस की सक्रियता के कारण उनके मंसूबे सफल नहीं हो पा रहे हैं। अब सभी की नजर खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग की आधिकारिक पुष्टि पर टिकी है, जिसमें बरामद डोडा की मात्रा, कीमत और गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी सामने आ सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है और जल्द बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# विजय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ नौ अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल



**चेन्नई:** तमिलनाडु में तमिझगा वेट्री कषगम (टीवीके) प्रमुख चंद्रशेखर जोसेफ विजय को रविवार को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। उनके साथ नौ अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। टीवीके ने विधानसभा चुनाव की 234 सीटों में 108 पर जीत हासिल की और कांग्रेस, वामदलों एवं अन्य दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। विजय को यहां नेहरू स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके अलावा एन आनंद, आधव अर्जुन , डॉ केजी अरुणराज, केए। सेनगोट्टयां, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ टीके। प्रभु और सेल्वी एस। कीर्तना को मंत्रिपद की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेतागण भी मौजूद थे। नेहरू स्टेडियम में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।

# बहू ने ससुर को उतारा मौत के घाट

**तकिये से मुंह दबाकर की हत्या, गिरफ्तार**

**रांची:** पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित विद्यानगर में बहू ने ससुर की हत्या कर दी। हत्या तकिये से दबाकर की गयी।मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामले की गहन जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, विद्यानगर निवासी बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पुलिस को मिली थी। शुरूआती जांच और घर के सदस्यों के बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर पुलिस का शक बहू की ओर गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि बहू और ससुर के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

घटना के वक्त घर में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर बहू ने अपने ससुर पर हमला कर दिया और तकिए से उनका मुंह दबा दिया। जिससे दम घुटने के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार वाहन ने मासूम को मारी टक्कर, समय पर नहीं पहुंची 108 एम्बुलेंस, बच्ची की हुई मौत

**जामताड़ा:** गोविंदपुर-साहिबगंज मुख्य सड़क पर रविवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़क पार कर रही एक 10 वर्षीय बच्ची को अज्ञात चारपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के कोरीडीह वन गांव निवासी सफाउल अंसारी की 10 वर्षीय पुत्री साजदा खातून सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान जामताड़ा से गिरिडीह की ओर जा रही तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उसे ठोकर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया, जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ विवेक कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। मिली जानरी के अनुसार, धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही बच्ची की मौत हो गई है

**एम्बुलेंस नहीं मिलने पर फूटा गुस्सा :** इधर, घायल बच्ची को समय पर 108 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं होने से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के विधायक राज्य के स्वास्थ्य मंत्री होने के बावजूद लोगों को समय पर एम्बुलेंस जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है।

## होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव से 20 हजार भारतीय नाविक संकट में फंसे, एनयूएसआई ने जताई चिंता



**नई दिल्ली :** एनयूएसआई ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच 20 हजार से अधिक भारतीय नाविक फंसे हुए हैं। यूनियन ने आशंका जताई है कि यदि संघर्ष और बढ़ा तो जहाज समुद्र में फंस सकते हैं और चालक दल को भोजन व दवाओं जैसी जरूरी सुविधाओं के बिना मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

एनयूएसआई ने केंद्र सरकार से इस मामले को राष्ट्रीय प्राथमिकता मानते हुए तत्काल निकासी प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की है। यूनियन के अनुसार, जहाजों के शेड्यूल, बंदरगाहों पर प्रतिबंध, फ्लैग स्टेट्स और सुरक्षा अलर्ट के चलते इस क्षेत्र में भारतीय नाविकों की स्थिति लगातार बदल रही है।

खाड़ी क्षेत्र और आसपास काम कर रहे नाविकों को मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे, परिचालन संबंधी पाबंदियों और सुरक्षा चेतावनियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे तकनीकी रूप से खुले होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाली सामान्य समुद्री यात्राएं भी बेहद जोखिम भरी बन गई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनयूएसआई के जनरल सेक्रेटरी और कोषाध्यक्ष ने शनिवार को कहा कि नाविकों और उनके परिवारों के बीच लगातार चिंता बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि यूनियन को परिजनों के लगातार फोन आ रहे हैं, जो अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षित वापसी को लेकर चिंतित हैं।

कंदलगांवकर ने कहा कि कई भारतीय नाविक विदेशी झंडे वाले जहाजों पर काम करते हैं, जहां उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी जहाज मालिकों, बीमा कंपनियों, संबंधित देशों और स्थानीय प्रशासन के बीच बंटी होती है। उन्होंने कहा कि मर्चेंट नेवी के क्रू सदस्य आम नागरिक होते हैं, जो सीमित सुरक्षा के बावजूद वैश्विक व्यापार और भारत की आर्थिक गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई गई

## एजेंसियां बोलीं, कार ब्लास्ट और गोलीबारी की आशंका, निगरानी बढ़ाई





**नई दिल्ली:** इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट में सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या आईईडी के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं।

पुलिस और सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती, चेकिंग और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और वाहनों की रैंडम चैकिंग के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आपसी तालमेल से काम कर रही हैं। बम निरोधक दस्तों, स्निफर डॉग यूनिट्स और क्विक रिएक्शन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस को संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों, लावारिस वस्तुओं और खड़े वाहनों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है।

## हिमंत विस्व सरमा चुने गए असम विधायक दल के नेता गवर्नर से मिलकर पेश किया सरकार बनाने का दावा

## 12 मई को लेंगे सीएम पद की शपथ, प्रधानमंत्री रहेंगे उपस्थित



**गुवाहाटी :** असम में भाजपा नेता डॉ। हिमंत बिस्व सरमा को भाजपा और एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। वह 12 मई को असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

गुवाहाटी में रविवार को हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में हिमंत बिस्व सरमा को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस बड़े फैसले की जानकारी सार्वजनिक की। इस चुनाव के साथ ही अब सरमा का लगातार दूसरी बार असम का मुख्यमंत्री बनने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

सर्वसम्मति से हुआ चुनावः असम भाजपा विधायक दल की बैठक सुबह आयोजित हुई थी। इसमें आठ भाजपा विधायकों ने नेता के रूप में हिमंत बिस्व सरमा के नाम का प्रस्ताव रखा। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय पर्यवेक्षक और सह-पर्यवेक्षक के रूप में बैठक में मौजूद रहे। गठबंधन के प्रमुख साथी दलों, असम गण परिषद (एजीपी) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने भी सरमा के नामांकन का पूरा समर्थन किया। सभी दलों की सहमति के बाद उन्हें सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुन लिया गया।

राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावाः इसके बाद, हिमंत बिस्व सरमा और एनडीए के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने लोक भवन में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। एनडीए नेताओं ने राज्यपाल के सामने नई सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश कर दिया है। इस बैठक में उन्होंने सरकार बनाने से जुड़ी जरूरी बातों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर तीखा मिला कहा-

# इनकी किताब में शासन का अध्याय ही नहीं, सिर्फ धोखा है



**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को बेंगलुरु में एक जनसभा में कांग्रेस पार्टी की कड़ी आलोचना करते हुए विपक्ष पर अपने सहयोगियों और मतदाताओं दोनों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस को एक परजीवी राजनीतिक शक्ति बताया जो क्षेत्रीय दलों के शोषण पर जीवित रहती है। कर्नाटक में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की 45वीं वर्षगांठ के समारोह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादों, खराब शासन और आंतरिक सत्ता संघर्षों के कारण देशभर में जनता का विश्वास खो दिया है।

मोदी ने कहा कि किसी भी कांग्रेसी राज्य सरकार को दोबारा सत्ता नहीं मिली है। सरकार बनने के कुछ ही महीनों के भीतर कांग्रेस के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर शुरू हो जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस को सिर्फ धोखा देना आता है। वे खुद झूठे हैं और उनके वादे भी झूठे हैं। कांग्रेस की सत्ता की किताब में शासन का अध्याय तो है ही नहीं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कांग्रेस पर अपने दीर्घकालिक सहयोगी डीएमके के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और कहा कि राजनीतिक समीकरण बदलते ही पार्टी अक्सर गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि परजीवी कांग्रेस को अब प्रासंगिक बने रहने के लिए किसी और पार्टी की जरूरत है, जिसके सहारे वह सत्ता में बनी रह सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी लगातार चुनावी हार को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और इसके लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं, अदालतों और संवैधानिक प्रक्रियाओं को दोषी ठहरा रहे हैं। मोदी ने टिप्पणी की, संविधान, लोकतंत्र, संवैधानिक प्रक्रियाओं और अदालतों के प्रति इतनी नफरत मैंने अपने सार्वजनिक जीवन में किसी भी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टी को करते नहीं देखा। पार्टी की गिरती लोकप्रियता पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने कभी 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन अब गठबंधन के बावजूद 100 सीटें पार करने के लिए संघर्ष कर रही है।

उन्होंने इसकी तुलना भाजपा के राष्ट्रीय विस्तार से करते हुए कहा, महज 10 साल पहले, यानी पिछले चुनाव से ठीक पहले, बंगाल में हमारे पास सिर्फ तीन विधायक थेङ्क आज भारतीय जनता पार्टी के पास 200 से अधिक विधायक हैं। अब केरल में भी हम एक से तीन विधायकों तक पहुंच गए हैं। और जब यह संख्या तीन तक पहुंच जाएगी, तो वह दिन दूर नहीं जब केरल में भाजपा-एनडीए गठबंधन के विधायकों की संख्या भी तीन से बढ़कर बहुमत का आंकड़ा पार कर जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा केरल में धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है।

मोदी ने आगे कहा कि विभिन्न राज्यों में कांग्रेस सरकारें अस्थिरता और टूटे वादों से ग्रस्त रही हैं। कर्नाटक का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि सत्ताधारी पार्टी शासन करने के बजाय आंतरिक कलह में उलझी हुई है, और कहा कि यह तय नहीं है कि यह मुख्यमंत्री कितने दिन रहेंगे। यह भी तय नहीं है कि किसी और को मौका मिलेगा या नहीं; उन्होंने इसे अधर में लटका रखा है।

## भाजपा के वरीष्ठ नेता शशिभूषण सिंह का निधन ,शोक



**खलारी:** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं वरीष्ठ भाजपा नेता शशिभुषण सिंह का शनिवार को अपराह्न करीब तीन बजे रांची स्थित मेडिका हॉस्पिटल में निधन हो गया।मालूम हो की वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही खलारी कोयलांचल क्षेत्र मे भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। संगठन में सक्रिय रहते हुए उन्होंने खलारी मंडल महामंत्री, मंडल अध्यक्ष समेत रांची जिला ग्रामीण के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इसके अलावा वे कई जिलों के प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा चुके थे। संगठन हित और समाज सेवा के कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति मानी जा रही है। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए शनिवार की संध्या 7 बजे से 8बजे तक उनके आवास जिराबार, ओरमझी में रखा गया था इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास लेजाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शशिभूषण सिंह के निधन पर भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू,जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,अरविन्द सिंह, सुशील अग्रवाल, रामसुरतयादव, आनंद सिंह, श्याम सुन्दर सिंह,रतन लाल, शैलेन्द्र शर्मा, चतुर्गुण भुईयां,विकास दुबे, जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, भरतरजक, दिनेश प्रसाद, शत्रुंजय सिंह, कृष्णाचौहान, भरत प्रजापति ,सुरेश सावकार्तिक पाण्डेय, फुलेश्वर महतो, शिवचौधरी, शशिकांत सिंह, प्रमोद प्रजापति,सिन्नी समाड, सरोजनी देवी, किरण देवी,मयंक सिंह, प्रदीप प्रमाणिक, गणेश महतो,राजु गुप्ता, रितेश केशरी, कुलदीप लोहरा,रविन्द्र गिरि रंजीत सिंह, रविन्द्र पासवान गिरिधर मिश्रा, शशि उरांव, शिव कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आया 11 वर्षीय बालक, गंभीर



**चतरा:** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में कुदरत का कहर देखने को मिला है। यहाँ मैराग गांव में शनिवार को तेज बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मैराग गांव निवासी विनोद यादव का पुत्र आनंद कुमार घर के समीप मैदान में गाय हांकने गया था। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदला और कड़कती बिजली के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। भारी गर्जन के साथ हुए वज्रपात के सीधे झटके से बालक मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतापपुर पहुँचाया। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, बालक का प्राथमिक उपचार कर उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे न रुकने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

## मातृत्व शिविर में हुई 50 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चत करना था।सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में कुल 50 गर्भवती महिलाओं की विस्तृत जांच की गई।डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि सभी उपस्थित महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में यूरीन, हेमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, एचआईवी, वजन, ब्लड शुगर सहित आवश्यकता अनुसार अन्य परीक्षण किये गये। जांच के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन फॉलिक एसिड की गोली दी गयी। इसके अतिरिक्त आवश्यक दवा भी वितरित की गयी। डॉ. ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि खान-पान का विशेष ध्यान रखें, स्वच्छता बनाए रखें, भोजन करने से पहले हाथ साबुन से अच्छी तरह धोयें और ओआरएस घोल का नियमित उपयोग करें। सीएचसी प्रभारी डाक्टर वेद प्रकाश ने बताया कि प्रत्येक माह 9 तारीख को इस तरह के शिविर के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं की निशुल्क एएनसी जांच कर आवश्यक दवा वितरित की जाती है। सभी महिलाओं को क्षेत्र की सहिया के माध्यम से अस्पताल लाया जाता है। इसके साथ ही उन्हें सलाह दी जाती है कि आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। इस मौके पर डुमरिया सीएचओ अदिति लता, बीपीएम संजय सिंहा समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## अचानक बारिश के साथ हुए वज्रपात में तीन मवेशियों की मौत



**चतरा:** सिमरिया प्रखंड के सीकरी गांव में अचानक हुई बारिश के साथ बज्रपात में खुशी महतो का तीन मवेशियों की मौत हो गई है। इधर तीन मवेशियों के मौत से किसान परेशान हैं और उनका रो रो कर बुरा हाल है। इस तरह अचानक वज्रपात से लगभग लाखों का नुकसान किसान खुशी महतो को हुई है। भुक्तभोगी खुशी महतो ने वज्रपात से हुई क्षति को लेकर अंचलाधिकारी से आपदा राहत से मुआवजे की मांग किया है। कहा कि मुआवजा मिलने से हम जैसे गरीब परिवार को भरपाई हो सकती है जिससे आर्थिक तंगी का सामना करना नहीं पड़ेगा। आपको बता दें कि शनिवार को अचानक तेज हवा तूफान और ओला के साथ बारिश होने से जहां लोग सकते में आ गए। वहीं अचानक हुए बज्रपात से खुशी महतो का तीन मवेशी भी वज्रपात की भेंट चढ़ गया है।

### खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता

# पीएलएफआई के दो हार्डकोर उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

### किसी बड़ी वरदाद को अंजाम देने के फिराक में थे दोनों



**संवाददाता**

**खूंटी:** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो हार्डकोर उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जिलिंगा जंगल क्षेत्र से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दबोचा। पुलिस के अनुसार दोनों किसी बड़ी नक्सली वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, खूंटी को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई संगठन के सदस्य जंगल क्षेत्र में जुटकर संगठन विस्तार, लेवी वसूली और किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। इसके बाद खूंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत जिलिंगा जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 32 वर्षीय राजु स्वांसी और 27 वर्षीय कुलन कोनगाड़ी को गिरफ्तार किया, जबकि उनके साथ मौजूद तीन से चार अन्य युवक जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक लोडेड देसी कट्टा और 8 एमएम की दो जिंदा गोलियां बरामद की गईं।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पीएलएफआई संगठन के सक्रिय सदस्यों के सहयोगी हैं तथा संगठन के कहने पर लेवी वसूली और अन्य गतिविधियों में मदद करते थे। दोनों के खिलाफ खूंटी थाना कांड संख्या 65/26 के तहत आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कुलन कोनगाड़ी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, रंगदारी और अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं।

छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण कुमार रजक, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार, थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह समेत खूंटी, कर्रा और रनिया थाना की पुलिस टीम व सशस्त्र बल शामिल रहे।

### अवैध अफीम कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 747 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार



**खूंटी:** पुलिस ने अवैध अफीम कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से करीब 747 ग्राम अवैध अफीम, एक मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, को गुप्त सूचना मिली थी कि खूँटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलादोन स्थित खूँटी-चुकरू मुख्य मार्ग पर कुछ लोग मोटरसाइकिल के साथ खड़े होकर अवैध अफीम की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण कुमार रजक, खूँटी के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल जब सिलादोन गांव के पास पहुँचा, तो सड़क किनारे कुछ लोग मोटरसाइकिल के साथ खड़े दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखते ही सभी आरोपी भागने लगे। कुछ आरोपी बाइक से फरार हो गए, जबकि कुछ खेतों की ओर भाग निकले। इसी दौरान सशस्त्र बल की मदद से एक आरोपी को खदेड़कर पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 30 वर्षीय एकबाल खान उर्फ लोहर , पिता जमाल खान, ग्राम तारो सिलादोन, थाना एवं जिला खूँटी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कमर में बेल्ट के सहारे छिपाकर रखे गए लगभग 747 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। इसके अलावा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। वहीं घटनास्थल से फरार हुए एक आरोपी की मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर ख ल जीरो 1 अ छ 72 11 भी पुलिस ने जब्त कर ली।

इस संबंध में एनडीपीएस थाना, खूंटी कांड संख्या 07/26 दिनांक 09.05.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी एकबाल खान उर्फ लोहर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में आरोपी रह चुका है। उसके खिलाफ खूँटी थाना में वर्ष 2024 में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं, जिनमें वह फरार चल रहा था तथा एक मामले में उसके खिलाफ वारंट भी निर्गत किया गया था।

### प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार पहुंचे चतरा ,आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का दिया निर्देश



**संवाददाता**

**चतरा:** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार शनिवार को चतरा पहुंचे। उनके चतरा आगमन पर उपायुक्त रवि आनंद ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत प्रमंडलीय आयुक्त ने ईटखोरी परियोजना अंतर्गत गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम आंगनबाड़ी केन्द्र-द्वारी पूर्वी का निरीक्षण किया गया। केन्द्र में नामांकित 31 बच्चों के विरुद्ध 25 बच्चे उपस्थित पाए गए। केन्द्र में 17 गर्भवती महिलाएं, 20 धात्री माताएं, 07 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के 74 बच्चे, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के 31 बच्चे तथा 07 किशोरी बालिकाएं नामांकित हैं। निरीक्षण के दौरान बच्चों से प्राथमिक शिक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका संतोषजनक उत्तर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बच्चों से केन्द्र में उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की जानकारी भी ली गई। संबंधित सेविका को निर्धारित मेन्यू के अनुसार दाल-चावल सहित सभी खाद्य सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। केन्द्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, वाटर फिल्टर, शौचालय आदि को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान पोषक क्षेत्र के एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राईसाइकिल एवं एक अन्य व्यक्ति को व्हीलचेयर भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र-बारियातु का निरीक्षण किया गया। केन्द्र में नामांकित 28 बच्चों के विरुद्ध 22 बच्चे उपस्थित पाए गए। यहां 03 गर्भवती महिलाएं, 02 धात्री माताएं, 07 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के 39 बच्चे, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के 28 बच्चे तथा 02 किशोरी बालिकाएं नामांकित हैं।निरीक्षण के दौरान बच्चों से प्राथमिक शिक्षा एवं पोषण आहार से संबंधित जानकारी ली गई। संबंधित सेविका को मेन्यू के अनुसार सभी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में केन्द्र में रोशनी, पंखा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा वजन मशीन खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पेयजल, वाटर फिल्टर एवं शौचालय व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने की राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा

## विभागों को दिए आवश्यक निर्देश




**संवाददाता**

**चतरा:** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में दक्षिणी वन प्रमंडल चतरा, उत्तरी वन प्रमंडल चतरा, जिला खनन कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, जिला मत्स्य कार्यालय, नगर परिषद, अवर निबंधन कार्यालय, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, कृषि उत्पादन बाजार समिति, विद्युत प्रमंडल चतरा, जिला नीलाम पत्र कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय एवं जिला सहकारिता कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में राजस्व संग्रहण की प्रगति प्रतिवेदन का विभागवार आकलन किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व संग्रहण कार्यों की नियमित समीक्षा एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, वहां समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाई जाए।उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित राजस्व लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी की नियुक्ति से संबंधित विषय पर उपायुक्त स्तर से अनुशंसा कर पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।वहीं विद्युत विभाग के पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अगली बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी बैठक में शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## कुल्लू मोड़ अब कहलाएगा महाराणा प्रताप चौक ,लगा बोर्ड

### जयंती पर महाराणा प्रताप को किया गया नमन



**संवाददाता**

**चतरा:** क्षत्रिय गौरव एकता मंच के तत्वावधान में शनिवार को कुल्लू मोड़ पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरवपूर्ण माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया। इस दौरान महाराणा प्रताप अमर रहें, भारत माता की जय, जय भवानी जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जयंती समारोह के अवसर पर मंच के सदस्यों ने कुल्लू मोड़ पर महाराणा प्रताप का बोर्ड स्थापित कर चौक का नामकरण महाराणा प्रताप चौक किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मंच के जिला संयोजक अरुण सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चौक का नामकरण केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि इतिहास और संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास है। पारसनाथ सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है, युवाओं को उनके आदर्श अपनाने चाहिए। बिनोद सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप चौक का नामकरण इतिहास और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की सराहनीय पहल है। शिवबालक सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप देश की आन-बान के प्रतीक थे, उनका संघर्ष हर भारतीय के लिए प्रेरणादायक है। विवेक सिंह ने कहा कि चौक का नामकरण समाज में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करेगा। अनिल सिंह ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के साहस और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रवीण सिंह संजय सिंह, चुन्नू सिंह, सुबोध सिंह, मंजीत सिंह, मुन्ना सिंह, मृत्यंजय सिंह, सौरभ कुमार, कुश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शिवपुर कोयला दुलाई में लगी वेरियंट कंपनी की मनमानी से दूषित हुआ गोड़वाड़ नदी



**चतरा:** जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना से शिवपुर रेलवे साइडिंग में कोयला दुलाई में लगी वेरियंट ट्रांसपोटिंग कंपनी की मनमानी से गोड़वाड़ गांव में ग्रामीणों के लिए बनाए गए सड़क से कोयला दुलाई के कचड़ा नदी में बहाया जा रहा है। जिससे स्थानीय पर्यावरण और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने निजी लाभ के लिए पब्लिक सड़क को कब्जा किया है। ग्रामीणों ने बताया ग्रामीणों सड़क का उपयोग मुख्य रूप से कोयले की ढुलाई के लिए किया जा रहा है। इस दौरान ओवरलोडिंग और गिरे कोयले के धूल कचड़ा नदिनों में बहा कर प्रदूषित किया जा रहा है। जिससे जीव जंतु पीने योग्य पानी खत्म हो गई है और स्थानीय जीव-जंतु प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वेरियंट कंपनी की ओभरलोडिंग गतिविधियों की जांच की जाए और नदी के दूषित होने से तुरंत रोका जाए।

# एसएससी जीडी परीक्षा में गड़बड़ी का खुलासा, रांची से 6 गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची में रविवार सुबह आयोजित एसएससी जीडी (स्टाफ सिलेक्शन कमीशन जनरल ड्यूटी) परीक्षा के दौरान कदाचार का मामला सामने आया है। रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंडरा स्थित एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि परीक्षा में नकल या कदाचार किस तरीके से किया जा रहा था।

**एसएससी की सूचना पर हरकत में आई पुलिस:** जानकारी के अनुसार, परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सबसे पहले स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएसी) को मिली। इसके बाद एसएससी की ओर से रांची पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत सक्रिय हुई और पंडरा स्थित परीक्षा केंद्र पहुंचकर कार्रवाई की। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान कदाचार में शामिल हैं। इसके आधार पर छापेमारी की गई, जहां से छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

**पंडरा के ऑनलाइन एग्जाम सेंटर में कार्रवाई:** पुलिस की कार्रवाई रांची के पंडरा इलाके में स्थित एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में हुई। बताया जा रहा है कि परीक्षा के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की गतिविधियां संदिग्ध थीं, जिसके बाद केंद्र स्तर पर इसकी जानकारी एसएससी तक पहुंची। मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत पुलिस को अलर्ट किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों और अन्य मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

**कैसे हो रही थी चीटिंग, जांच में जुटी पुलिस:** फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि परीक्षा में कदाचार किस तकनीक या तरीके से किया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसमें इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बाहरी मदद या किसी संगठित नेटवर्क की भूमिका हो सकती है। हालांकि पुलिस ने इस पर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस गिरफ्तार लोगों के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य दस्तावेजों की भी जांच कर सकती है, ताकि कदाचार के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल:** इस घटना ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल के दिनों में कई परीक्षाओं में कदाचार और पेपर लीक जैसे मामलों ने अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ाई है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर असर डालती हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# आईफा इंटरनेशनल में मदर्स डे पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता



मेट्रो रेज

**रांची:** मदर्स डे के अवसर पर आईफा इंटरनेशनल रांची में बच्चों एवं युवाओं के लिए एक आकर्षक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता एवं भावनाओं को सुंदर कार्ड्स के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए मां के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण को दशार्या।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ मातृत्व के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक एवं भावनात्मक संदेशों से सजे कार्ड बनाकर सभी का मन मोह लिया।संस्थान के सदस्यों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों की कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता को नई दिशा देती हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निर्देशक मोहम्मद साबिर हुसैन एवं शगुफ्ता बानो ने रंग-बिरंगे कार्ड्स और बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता को सराहा।

# एएमयू एलुमनी वेलफेयर सोसाइटी झारखंड का निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप एवं करियर काउंसलिंग सत्र



संवाददाता

**रांची:** एएमयू एलुमनी वेलफेयर सोसाइटी झारखंड द्वारा मिल्लत एकेडमी स्कूल रांची में आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और युवाओं को शिक्षा एवं करियर के क्षेत्र में सही मार्गदर्शन देना था। यह अपने आप में पहली बार आयोजित ऐसा विशेष शिविर रहा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सीधे मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य जांच शिविर में एम्स नई दिल्ली की मनोचिकित्सक डॉ। इफरह नाज ने तनाव, चिंता, डिप्रेशन और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श दिया। वहीं एएमयू अलीगढ़ के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ। सफिक आलम ने दिल से संबंधित बीमारियों की जांच की। डॉ। निसात अहमद ने ब्लड शुगर, बीपी और अन्य पैथोलॉजी जांच की सेवाएं दीं, जबकि डॉ। सीमा गुप्ता ने महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श दिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी प्रकार की जांच और चिकित्सकीय परामर्श पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।

करियर काउंसलिंग सत्र में इंजिनियर आमिर अनस, और अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने छात्रों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर तबरेज अजीज ने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि एएमयू एलुमनी वेलफेयर सोसाइटी झारखंड भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस आयोजन को सफल बनाने में तबरेज अजीज, इबरारुल होदा मुनमुन, विरासत खान, आमिर अनस, जीशान अहमद, शाहबाज अख्तर, नजमूस शाकिब, प्रोफेसर गालिब नश्तर, प्रोफेसर अब्दुल बासित, नदीम अख्तर, जावेद राजा, सैफुल हक, जुबैर खान, सैफुल हक ने अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में खालिद उमर, तंजीम अहमद, लाइक अहमद मौजूद रहे।

# जनगणना में सरना धर्म कॉलम नहीं होने पर भड़के आदिवासी संगठन, बोले- पहचान मिटाने की साजिश

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची में आगामी जनगणना में सरना धर्म कॉलम शामिल नहीं किए जाने को लेकर आदिवासी संगठनों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। शनिवार को करमटोली केंद्रीय धूमकुड़िया सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न आदिवासी संगठनों के नेताओं ने केंद्र सरकार पर आदिवासी पहचान को कमजोर करने का आरोप लगाया।

आदिवासी जन परिषद के प्रेम शाही मुंडा, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव और देवकुमार धान ने संयुक्त रूप से कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है, जिसे जनगणना में अलग मान्यता मिलनी चाहिए।

**सरना धर्म आदिवासी अस्तित्व का प्रतीक:** नेताओं ने कहा कि सरना धर्म केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि आदिवासी अस्तित्व, परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। उनका कहना था कि जनगणना में अलग कॉलम नहीं देना आदिवासी समाज की पहचान को कमजोर करने जैसा है।



सरना धर्म कोड की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलनः पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग को लेकर देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 मई को महाराष्ट्र के नासिक में बड़ा आंदोलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना में आदिवासियों को अलग कॉलम का विकल्प दिया गया था, लेकिन अब उसे हटाना आदिवासी समाज की पहचान पर सीधा हमला है।

**आदिवासियों की अलग धार्मिक परंपरा :** आदिवासी जन परिषद के प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज न हिंदू है, न मुस्लिम, न सिख और न ईसाई, बल्कि उनकी अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा और मान्यताएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आदिवासियों को हिंदू बताकर उनकी मूल पहचान समाप्त करने की कोशिश कर रही है। साथ ही कहा कि आदिवासी इस देश के मूल निवासी हैं और उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है।

**आंदोलन तेज करने की चेतावनी:** संगठनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी जनगणना में सरना धर्म कॉलम शामिल नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने पीओ का किया स्वागत

**डकरा:** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को केडीएच परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी विमल कुमार से मिलकर उनका स्वागत किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने विमल कुमार को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। कहा कि रैयत विस्थापित ने हमेशा परियोजना के विस्तारीकरण और आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। मोर्चा ने नए परियोजना पदाधिकारी से भी रैयत विस्थापित की समस्याओं पर सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। प्रतिनिमंडल में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, सचिव जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, नरेश गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझू व अन्य शामिल थे।

# पहली बार होगा फॉरेस्ट कांग्रेस का आयोजन, झारखंड करेगा होस्ट

**रांची:** झारखंड में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के फॉरेस्ट कांग्रेस का आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी वन विभाग की ओर से शुरू कर दी गयी है। कार्यक्रम के जरिए वन, पर्यावरण, वन्यजीव और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर देशभर के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने की योजना बनायी गयी है। प्रस्तावित आयोजन अगस्त-सितंबर महीने में किया जा सकता है।

**आइसीएफआरई को बनाया गया नॉलेज पार्टनर:** फॉरेस्ट कांग्रेस के आयोजन के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट रिसर्च एंड एजुकेशन (आइसीएफआरई), देहरादून को नॉलेज पार्टनर बनाया गया है। आयोजन में तकनीकी सहयोग और विशेषज्ञ सलाह भी इसी संस्थान की ओर से दी जाएगी। वन विभाग का मानना है कि इस आयोजन से झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर वन और पर्यावरण से जुड़े अनुसंधान एवं तकनीकी जानकारियों का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में चल रहे वन संरक्षण और पर्यावरणीय कार्यों को भी नई दिशा मिलेगी।

**देशभर के विशेषज्ञ होंगे शामिल :** फॉरेस्ट कांग्रेस में वन एवं पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, शोधकताओं और अधिकारियों को आमंत्रित करने की योजना है। आयोजन के दौरान वन संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के अनुभवों और शोध कार्यों को साझा कर व्यावहारिक समाधान खोजने का प्रयास भी किया जाएगा।

# मदर्स डे स्पेशल : मां तुम आज बहुत याद आ रही हो

गुलाम शाहिद

**आज** मदर्स डे है। सुबह से हर तरफ मां की बातें हो रही हैं। कोई अपनी मां के साथ तस्वीरें साझा कर रहा है, कोई उनके हाथ का खाना याद कर रहा है, तो कोई उनकी गोद में सिर रखकर सुकून महसूस कर रहा है। दुनिया भर में आज माँ के प्रेम, त्याग और ममता का उत्सव मनाया जा रहा है।

लेकिन इस भीड़ में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो चुपचाप किसी कोने में बैठकर सिर्फ अपनी मां को याद कर रहे हैं। उनकी आँखों में तस्वीरें हैं, यादें हैं, मगर पास बैठकर सिर सहलाने वाली माँ नहीं है।

आज मैं भी उन्हीं लोगों में शामिल हूँ।

जब दूसरों को अपनी माँ का आशीर्वाद लेते देखता हूँ, तो दिल के किसी कोने में एक खालीपन और गहरा हो जाता है। मन बार-बार यही कहता है – काश मेरी भी मां होती

काश आज मैं भी अपनी माँ की गोद में सिर रखकर बैठता।

**काश वो मेरे माथे पर हाथ फेरकर कहतीं —**

बेटा शाहिद, उदास मत हो मैं हूँ न। सब ठीक हो जाएगा। मां की यही एक बात इंसान के सारे दुख हल्के कर देती है। दुनिया चाहे कितनी भी कठोर क्यों न हो जाए, मां का प्यार हर दर्द को सहने की ताकत दे देता है। मां सिर्फ जन्म देने वाली नहीं होती, वह इंसान की पहली दोस्त, पहली शिक्षक और सबसे बड़ा सहारा होती है। जब मां साथ होती है, तो इंसान खुद को कभी अकेला महसूस नहीं करता। लेकिन जब मां इस दुनिया में नहीं रहती, तब जिंदगी की सबसे बड़ी कमी महसूस होती है। कुछ रिश्तों की जगह कभी कोई नहीं ले सकता, और मां उन्हीं रिश्तों में सबसे ऊपर होती है।



आज मदर्स डे पर हर मुस्कुराते चेहरे के पीछे मुझे अपनी अधूरी दुनिया दिखाई देती है। लोगों को अपनी माँ के साथ देखकर खुशी भी होती है और आँखें भी नम हो जाती हैं। क्योंकि जिनके पास माँ है, उनके पास दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। अगर आपकी मां आपके साथ हैं, तो उनकी कद्र कीजिए। उनके साथ समय बिताइए। उनसे प्यार से बात कीजिए।

क्योंकि एक दिन यही छोटी-छोटी बातें सबसे बड़ी यादें बन जाती हैं।

और उन लोगों के लिए, जिनकी मां अब इस दुनिया में नहीं हैं – मां कहीं नहीं जातीं।

वो हमारी दुआओं में, हमारी यादों में, हमारी आदतों में हमेशा ज़िंदा रहती हैं।

मां आज बहुत याद आ रही हो।

# हजारीबाग बनेगा राज्य का पहला मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खिलाड़ियों को दिया जाएगा बेहतर प्लेटफॉर्म

**हजारीबाग:** हजारीबाग खेल के क्षेत्र में बेहतर कर रहा है। आए दिन यहां के खिलाड़ी सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के लिए एक बेहद सुकून देने वाली खबर सामने आई है। झारखंड सरकार राज्य के कुछ खास जिलों में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण करने जा रही है।

संभवतः हजारीबाग पूरे राज्य का पहला जिला होगा। जहां मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इस कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों को एक छत के नीचे ही खेल के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगा। कहा जाए तो बैडमिंटन, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, स्विमिंग, राइफल, शूटिंग समेत अन्य खेल को एक ही परिसर में विकसित किया जाएगा।



हजारीबाग पहुंचे कला एवं पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने जिला के उपायुक्त और खेल पदाधिकारी से इस बाबत प्रस्ताव मांगा है कि किस क्षेत्र को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जा सकता है। नगर निगम ने अत्याधुनिक मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया है।

नगर निगम के महापौर अरविंद राणा ने एक बताया कि हजारीबाग में दो ऐसी जगह है, जिसे विकसित किया जा सकता है। जिसमें एक स्टेडियम और दूसरा डीवीसी चौक के पास मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ऑडिटोरियम इंदौर स्टेडियम है। इस परिसर में स्केटिंग रिंक, योग एवं ध्यान केंद्र , मल्टी-एक्टिविटी एरिया, ओपन जिम एवं रनिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि एक साथ प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विकास केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जा सकता है। यह केंद्र राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी सक्षम होगा। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार डीवीसी चौक के पास मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ऑडिटोरियम सह इंडोर स्टेडियम को लेकर प्लानिंग चल रही है। बहुत जल्द सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भी सौंप जाएगी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची


**Very Short (e-Procurement Notice)**

ई–निविदा सं0– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची/राँची 14/2026–27, दिनांक :

| क्रम सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहर अंचल अन्तर्गत करमटोली के मौजा – हतमा, वार्ड नं0 1 में वृहद धुमकुड़िया भवन निर्माण। | 2,22,38,500/- | 4,50,000/- | 10,000/- | 12 Months | कार्य के अनुरूप |
| 5. | Mode of Submission of tender | | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | | Start Date 14.05.2026 to 11.00 AM | | | |
| | | | End Date 21/05/2026 up to : 2.00 PM | | | |
| 5. | Bids online Submission | | Start Date 14.05.2026 Time : 11.00 AM | | | |
| | | | End Date 21/05/2026 Time : 11.00 AM | | | |
| 6. | Technical Bid Opening Date | | Date 22/05/2025 Time : 11.00 AM | | | |
| Officer Inviting Bids | | | कार्यपालक अभियंता | | | |
| | | | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची | | | |
| | | | Address : कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची | | | |

PR 379426 NREP (26-27)_D

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची



# त्रिशूल पर लाल कपड़ा क्यों बांधते हैं?

**अक्सर ऐसा देखा जाता है कि हर शिवालय में भगवान शिव के प्रतीकों की स्थापना की जाती है। भगवान शिव के यूं तो कई प्रतीक हैं, लेकिन मुख्य रूप से हर शिव मंदिर में आपको त्रिशूल रखें अवश्य दिख जायेंगे।**

शिव मंदिर में या तो त्रिशूल की स्थापना होती है या फिर त्रिशूल रखने का विशेष स्थान बनाया जाता है। वहीं, अगर आपने कभी गौर किया हो तो शिवालय में गढ़े या रखे त्रिशूल पर लाल रंग का कपड़ा बांधा जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य से आइये जानते हैं कि क्यों लाल कपड़े को त्रिशूल पर लपेटा जाता है और क्या है इसका महत्व।

ऐसा माना जाता है कि लाल रंग का संबंध मंगल ग्रह से है और मंगल ग्रह की उत्पत्ति भगवान शिव की मुस्कान से हुई है। ऐसे में भगवान शिव के पुत्र के समान ही माने जाते हैं मंगल ग्रह। पौराणिक कथा कहती है कि मंगल ग्रह ने घोर तप करके भगवान शिव के समीप रहने का वरदान मांगा था। भगवान शिव ने जब मंगल ग्रह से कहा कि ग्रहों के चक्र से वह दूर हैं तो ऐसे में कैसे किसी ग्रह को वह अपने साथ रख सकते हैं तब मंगल ने भगवान शिव से आग्रह किया था कि मंगल के किसी प्रतीक को वह अपने किसी प्रतीक से जोड़ दें। तब शिव जी ने लाल रंग को अपने त्रिशूल से जोड़ा। भगवान शिव ने लाल रंग का कपड़ा लेकर अपने त्रिशूल से बांधा और तभी से यह प्रथा बन गई कि त्रिशूल पर लाल कपड़ा बांधा जाए। हालांकि ज्योतिष में इसका महत्व इस रूप में माना जाता है कि लाल रंग का कपड़ा त्रिशूल पर बांधने से मंगल ग्रह मजबूत होता है और दोष दूर हो जाता है।



# गृह प्रवेश करने के लिए ग्रह नक्षत्रों का सही होना बेहद जरूरी

**नया घर खरीदना जीवन में नए अध्याय जैसा होता है। वहीं नए घर में जाने के लिए सही समय और विधिवत पूजा करने का विधान है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का आगमन होता है।**

हिन्दू धर्म में गृह प्रवेश बेहद महत्वपूर्ण और शुभ अनुष्ठान माना जाता है। गृह प्रवेश यानी कि नए घर में प्रवेश करने से पहले पूजा-पाठ करना। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर में सुख-समृद्धि का भी आगमन होता है। वहीं गृह प्रवेश करने के लिए ग्रह-नक्षत्रों का सही होना बेहद जरूरी है। गृह प्रवेश के माध्यम से भगवान गणेश और ग्रह देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। इससे घर में किसी प्रकार को कोई परेशानी नहीं आती है। ग्रह प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त का होना अत्यंत जरूरी है। ग्रह प्रवेश के दौरान कई बार ऐसा होता है कि पंडित जी नहीं मिल पाते हैं। अब सवाल है कि बिना पंडित जी के गृह प्रवेश कैसे किया जाए। आइए विस्तार से जानते हैं।



## बिना पंडित के इस विधि से करें गृह प्रवेश



- सबसे पहले कलश स्थापना करना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। कलश में गंगाजल, चावल, सुपारी और एक रुपया भरें। नारियल को दो भागों में काटकर कलश के दोनों तरफ रखें।
- पश्चात सबसे पहले भगवान गणेश और कुलदेवता की पूजा करें।
- उसके बाद नौ ग्रहों, वास्तु देवता और ग्रह देवता की पूजा करें।
- पूजा करने के बाद आरती गाएं।

## गृह प्रवेश के लिए सामग्री

- गंगाजल
- स्वस्तिक बनाकर रखने के लिए लाल रंग
- धूप
- दीपक
- फूल
- फल
- मिठाई
- नारियल
- चावल
- सुपारी
- कलश
- घी
- कुमकुम
- हल्दी
- पान

## गृह प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त

अगर आप गृह प्रवेश करना चाहते हैं, तो शुभ मुहूर्त के बारे में जानना बेहद जरूरी है। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में गृह प्रवेश किया जा सकता है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर के मध्य भाग से 24 मिनट पहले शुरू होता है और 24 मिनट बाद समाप्त होता है। इसका मतलब है कि यह दिन के मध्य भाग में होता है।

## गृह प्रवेश के लिए क्या है नियम?

- सबसे पहले सभी पूजन सामग्री को लेकर दाहिने पैर से घर में प्रवेश करें। घर में प्रवेश करते समय घर की महिलाओं को नारियल फोड़कर अंदर ले जाना चाहिए।
- नए घर में प्रवेश करते समय ऊँ मंत्र का जाप करें।
- पूजा घर में गंगाजल से छिड़काव करें।
- गंगाजल से छिड़काव करने के बाद भगवान गणेश का ध्यान करें।
- इस दौरान कीर्तन करना बेहद शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

## नए घर में तुलसी का पौधा लेकर करें प्रवेश



जब भी आप नए घर में प्रवेश करें आपके लिए जरूरी है कि सबसे पहले तुलसी का पौधा लेकर ही प्रवेश करें। यही नहीं गृह प्रवेश के साथ ही तुलसी का पौधा भी स्थापित कर दें और उसकी नियमित पूजा करें जिससे समृद्धि बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है।

## नए घर में करें हवन

अगर आप घर की कुशलता बनाए रखना चाहती हैं तो बहुत जरूरी है कि गृह प्रवेश के बाद घर में सभी लोग मिलकर एक बार हवन जरूर करें। हवन करने से घुएं के साथ सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह पूरे घर में होता है और खुशहाली बनी रहती है। यदि आप हवन के साथ कपूर जलाते हैं तो इसका भी बहुत अच्छा असर होता है और ये नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर रखने में मदद करता है। आपको नियमित रूप से आरती में कपूर का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी जाती है।





# नए घर में प्रवेश करते समय आजमाएं ज्योतिष के ये उपाय

**नए घर में प्रवेश करते समय आपके मन में कई सवाल होते हैं। नए घर में कैसा होगा आपका भविष्य? किस दिशा में कौन सी चीज रखनी चाहिए? आपको किस तरह की चीजों को घर में रखना चाहिए? यही नहीं नए घर में आप कौन से उपाय आजमाकर खुशहाली ला सकते हैं। ऐसे कई सवालों के जवाब आपको ज्योतिष में मिल सकते हैं।**

नए घर में प्रवेश करना एक नई शुरुआत का संकेत होता है और यह घड़ी हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण होती है। इस नई सफल यात्रा को शुभ बनाने के लिए, ज्योतिष विज्ञान बहुत उपयोगी हो सकता है। जब भी आप नए घर में प्रवेश कर रहे हैं प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त और तिथि का होना बहुत जरूरी माना जाता है। उस समय के अनुसार ज्योतिष उपाय करने से आप अपने नए अवसरों को सही दिशा में ला सकते हैं। ऐसे ही आपको ज्योतिष से जुड़े कुछ उपायों की आजमाने की सलाह भी दी जाती है जिससे नया घर आपके लिए शुभ साबित हो सके।

## नए घर में प्रवेश के लिए करें शुभ मुहूर्त का चयन

नए घर में प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त का चयन करना बहुत महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। जब भी आप घर में प्रवेश करें आपको समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए और मुहूर्त का विचार करके ही यहां प्रवेश करना चाहिए। ज्योतिष की मानें तो कुछ विशेष तिथियां और मुहूर्त ऐसे होते हैं जो आपके भविष्य के लिए शुभ फल प्रदान करते हैं और नये घर के प्रवेश को और भी शुभ बना सकते हैं।

## गृह प्रवेश पूजा है जरूरी

ऐसा माना जाता है कि कभी भी जब आप नए घर में प्रवेश करें तो सबसे पहले गृह प्रवेश पूजा अवश्य करवाएं। गृह प्रवेश पूजा एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय उपाय है जो नए घर की सुरक्षा और शुभता बनाए रखने के लिए जरूरी मानी जाती है। आमतौर पर यह पूजा घर के स्वामी द्वारा ही की जाती है। इसके लिए मुख्य रूप से गणपति पूजन किया जाता है जिससे सकारात्मकता बनी रहे।

## गायत्री मंत्र का करें जाप


आप जब भी नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, उस घर के वातावरण को सकारात्मक बनाए रखने के लिए लगातार तीन रविवार 108 बार गायत्री मंत्र का जाप करें। इससे आपके घर का वातावरण तो शुद्ध होता ही है और गायत्री मंत्र का जाप परिवार के लोगों को मानसिक शांति भी प्रदान करता है। यदि संभव है तो यह जाप घर के सभी सदस्यों को एक साथ मिलकर ही करना चाहिए।

## घर की दक्षिण दिशा में लाल झंडा लगाएं

आप जब भी नए घर में प्रवेश करें ध्यान देने की जरूरत है कि आप घर की दक्षिण दिशा में लाल रंग का झंडा लगाएं। लाल रंग विजय और साहस का प्रतीक माना जाता है और यदि आप इस रंग का झंडा लगाते हैं तो यह घर की सभी नकारात्मक ऊर्जाओं को नियंत्रित करने में मदद करता है और घर के लोगों के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करता है। इसके प्रभाव से घर के भीतर किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होता है।

## नए घर के हर कोने की करें सफाई

आप जब भी नए घर में प्रवेश करें आपको इस बात का ध्यान देने की जरूरत है कि घर का कोई भी कोना गंदा नहीं होना चाहिए। किसी भी कोने में मकड़ी के जले नहीं लगे होने चाहिए। ये जाले आपके घर के लिए नकारात्मक ऊर्जा का कारण बन सकते हैं।



# श्री राम ही नहीं, बालि और हनुमान जी भी कर सकते थे रावण का वध

**यह सत्य है कि रावण का वध श्री राम के हाथों होना ही लिखा था, लेकिन रामायण में ऐसे दो योद्धाओं का भी वर्णन मिलता है जो रावण का वध करने में सक्षम थे।**

जब पृथ्वी पर रावण का अत्याचार बढ़ने लगा था तब भगवान विष्णु के सांतवे अवतार के रूप में भगवान श्री राम ने पृथ्वी पर जन्म लिया था। श्री राम ने एक-एक कर अपनी बाल्य अवस्था से ही दुष्टों का संहार करना शुरू कर दिया था और वह समय भी शीघ्र आया जब वनवास के दौरान श्री राम ने रावण का वध कर उसके दुराचार से सृष्टि को मुक्त किया। यह सत्य है कि रावण का वध श्री राम के हाथों होना ही लिखा था, लेकिन रामायण में ऐसे दो योद्धाओं का भी वर्णन मिलता है जो रावण का वध करने में सक्षम थे।

## कौन-कौन कर सकता था रावण का वध?

रामायण में उल्लेख मिलता है कि रावण अति बलशाली था। रावण के पास अनेकों मायावी और आसुरी शक्तियां मौजूद थीं। रावण की हुंकार से क्या मनुष्य और क्या देवता, सभी थर-थर कांपते थे। रावण की असीमित शक्तियों और उसके मनुष्य के हाथों मरने के वरदान के कारण ही श्री राम पृथ्वी पर अवतरित हुए। हालांकि रामायण में यह भी बताया गया है कि दो ऐसे योद्धा थे जिनसे रावण कांपता था। रावण उन योद्धाओं से उलझने से भी डरता था क्योंकि कहीं न कहीं रावण को भी पता था कि वह योद्धा उसका वध करने की ताकत रखते थे। वह योद्धा थे- देवराज इंद्र का पुत्र बालि और भगवान शिव के अंश हनुमान जी।

असल में बालि को यह वरदान प्राप्त था कि जो भी उससे युद्ध करने आएगा, उसका आधा बल बालि के अंदर समाहित हो जाएगा। ऐसे में एक अबर रावण युद्ध करने पहुंचा तब वह बालि से युद्ध में हर गया और बालि 10 दिनों तक उसे अपनी बगल में दबाकर घूमता रहा। तब रावण बाल-बाल बचा था।

ठीक ऐसे ही हनुमान जी भगवान शिव के अंशावतार होने के कारण परम शक्तिशाली थे और भगवान शिव की शक्तियां उनमें समाहित थीं। इस बात से से रावण भी अनिभिज्ञ नहीं था। इसी कारण से रावण ने कभी भी सीधे-सीधे हनुमान जी से युद्ध नहीं किया था।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया व्यापक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

आमजनों को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**संवाददाता**



**साहिबगंजः** उपायुक्त दीपक कुमार दुबे के द्वारा आज सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में संचालित विभिन्न विभागों उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं चिकित्सीय उपकरणों मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सर्वप्रथम डीइआईसी भवन में संचालित बाह्य रोगी विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली एनसीईडी काउंटर में संचालित कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से सीधे संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं एवं उन्हें हो रही परेशानियों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।दंत विभाग के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपलब्ध डेंटल उपकरणों की जानकारी प्राप्त की एवं उनकी कार्यशीलता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अनुमंडल अस्पताल राजमहल में डेंटल इक्विपमेंट उपलब्ध कराने हेतु आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण काउंटर का निरीक्षण करते हुए लंबित एवं प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया निबंधन अवधि व आमजनों को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में आयुष्मान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उपस्थित जिला कार्यक्रम समन्वयक, आयुष्मान द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 20-30 बीएलएआईएम किया जाता है एवं राज्य स्तर से अनुश्रवण किया जाता है। नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित मशीनों की कार्यशीलता की जानकारी ली तथा मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क चश्मों एवं प्रतिमाह किए जाने वाले नेत्र ऑपरेशन की जानकारी प्राप्त की। वहीं फिजियोथेरेपी विभाग के निरीक्षण में खराब पाई गई। जिस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को मशीनों को मरमती करने का और मरमती संभव नहीं होने पर नई मशीन क्रय करने का निर्देश दिया। ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केवल दो टेबलों पर पंजीकरण कार्य संचालित हो रहा है। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उपायुक्त ने अतिरिक्त कर्मियों की सेवा नियमानुसार प्राप्त करते हुए दो अतिरिक्त टेबलों पर रजिस्ट्रेशन व्यवस्था प्रारंभ करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।दवा वितरण काउंटर के निरीक्षण में उपायुक्त ने पाया कि वर्तमान में दो फार्मासिस्ट कार्यरत हैं। उन्होंने मरीजों की संख्या एवं कार्यभार को देखते हुए आयुष्मान मद से एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की नियमानुसार नियुक्ति करने का निर्देश दिया।इसके पश्चात उपायुक्त ने ड्रेसिंग रूम व ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया। ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त मद से एयर कंडीशनर एसी अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति रक्त कोष में उपलब्ध रक्त दवाइयों एवं बेड की स्थिति को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने महिला वार्ड पुरुष वार्ड एवं एक्स-रे वार्ड का भी निरीक्षण किया। वहीं सैन्टर लैब के निरीक्षण के दौरान कार्यरत मशीनों की जानकारी ली गई तथा विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट की निर्धारित दरों का अवलोकन किया गया।अल्ट्रासाउंड विभाग के निरीक्षण में उपायुक्त ने प्रतिदिन किए जा रहे अल्ट्रासाउंड की संख्या की जानकारी ली। उपस्थित चिकित्सक द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 30 अल्ट्रासाउंड किया जाता है। इसके अलावा उपायुक्त ने बाल चिकित्सा बाह्य रोगी विभाग विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई एवं प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में एमओडीयुएलएआर इवाइ ओ.टी. का भी निरीक्षण किया गया, जहां बताया गया कि ऑपरेशन थिएटर पूर्ण रूप से कार्यशील है। उपायुक्त ने वृद्धावस्था वार्ड एवं बर्न वार्ड का निरीक्षण किया। बर्न वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां नर्सिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सदर अस्पताल परिसर स्थित पुराने दीप आई भवन का भी अवलोकन किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि उक्त भवन नगर परिषद साहेबगंज का है। उसमें ओपीडी संचालित किया जाना प्रस्तावित है। किंतु अब तक भवन का हैंडओवर नहीं किया गया है। इस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को नगर परिषद साहेबगंज से पत्राचार कर हैंडओवर की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम प्रधानों की बैठक में विकास व सामाजिक जागरूकता पर जोर



- बीडीओ सह सीओ ने लगान वसूली बाल विवाह रोकथाम और जनगणना को लेकर दिए अहम निर्देश

**संवाददाता**

**साहिबगंज/ उधवाः** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों के ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने की। बैठक में राजस्व संबंधी कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने एवं आगामी जनगणना को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ श्री तिवारी ने ग्राम प्रधानों को अपने-अपने राजस्व ग्रामों में जमीन लगान वसूली की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी एवं गैर सरकारी जमीनों की नियमित निगरानी करने तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों के समाधान में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा क्षेत्र में बाल विवाह, बाल मजदूरी और नशाखोरी जैसी सामाजिक समस्याओं पर चिंता जताते हुए इन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक बनाकर ही इन कुरीतियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बैठक में आगामी जनगणना कार्य को लेकर भी चर्चा हुई। बीडीओ सह सीओ ने ग्राम प्रधानों से जनगणना कर्मियों को हरसंभव सहयोग देने तथा ग्रामीणों को सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बताया कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

## साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में रबीन्द्रनाथ ठाकुर जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन

**एजेंसी**



**साहिबगंजः** विश्वगुरु महान साहित्यकार एवं नोबेल पुरस्कार विजेता की जयंती के पावन अवसर पर दिनांक 09 मई 2026 को प्रातः 8:30 बजे साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन टैगोर विचार मंच परिवार के तत्वावधान में किया जिसमें शहर के बुद्धिजीवी सामाजिक कार्यकर्ता? शिक्षक छात्र-छात्राएँ एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर पारंपरिक स्वागत और समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने गुरुदेव रबीन्द्रनाथ ठाकुर के साहित्य शिक्षा मानवता, राष्ट्रवाद एवं विश्वबंधुत्व के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुप कुमार जिला योजना अधिकारी एपीओ संजय कुमार तिवारी, डॉ. सुचित, डॉ एन. आर राय?, एन चक्रवर्ती, डॉ. भास्कर दास, अनिल कुमार ठाकुर, सुमन कुमार, डॉ. सुबोध कुमार झा, राकेश कुमार, मुकेश, उमाशंकर सिंह, भारत स्काउट गाइड इकाई के प्रतिनिधि, चंपक दत्ता, शंभूनाथ यादव, डॉ. ममता विद्यार्थी, भवेश नारायण ठाकुर, अमन कुमार होली एवं आदित्य राज ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। टैगोर विचार मंच साहिबगंज के अध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार सिंह, प्राचार्य मॉडल कॉलेज राजमहल ने भी गुरुदेव को नमन करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के विचार आज भी समाज को मानवता, शिक्षा व सांस्कृतिक चेतना की दिशा प्रदान करते हैं। मंच के सचिव हिमांशु शेखर गुहा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जबकि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम का संदेश देते हुए पेड़ को सांकेतिक स्वरूप प्रदान कर जागरूकता अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति के प्रति प्रेम और मानवता की सेवा ही गुरुदेव रबीन्द्रनाथ ठाकुर के विचारों की वास्तविक पहचान है। जिसमें कविता पाठ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भारत स्काउट व गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। विद्यार्थिय युवा प्रतिभाओं ने गुरुदेव की रचनाओं और विचारों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। साहिबगंज की जिला मंत्री डॉ. ममता विद्यार्थी, साहित्य प्रमुख श्वेता दत्ता एवं मिताली सरकार की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इन सभी ने साहित्य, संस्कृति एवं भारतीय परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में शिक्षा, संस्कृति साहित्य व मानवीय मूल्यों के प्रसार हेतु ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प

## जबरन फसल काटने का विरोध करने पर मारपीट का मामला कराया दर्ज

**साहिबगंज:**मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में पुलिस की कथित मौजूदगी में एक किसान के खेत से जबरन मकई की फसल काटकर ले जाने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर रामपुर इंग्लिश निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने दिए गए आवेदन में कहा कि 8 मई की सुबह लगभग 10 बजे रामपुर मौजा स्थित उनकी जमीन पर कुछ लोग जबरन पहुंचे और खेत में लगी मकई की फसल काटकर ट्रैक्टर में लादने लगे।उन्होंने बच्चु यादव भरदूल कुमार,राजेंद्र कुमार पोद्दार सूरज यादव शिव कुमार लालू कुमार एवं ट्रैक्टर चालक रतनेश्वर कुमार चौधरी को नामजद आरोपी बनाया है। मुन्नी देवी का आरोप है कि जब उनके पति बजरंगी सिंह ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।कहा कि बंदूक के बट लात और घूंसों से उनके पति की पिटाई की गई। पीड़िता ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।आवेदन के अनुसार शिकायत लेकर थाना पहुंचने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया।गाली-गलौज की गई तथा उन्हें जबरन एक कमरे में कई घंटों तक बैठाकर रखा गया। महिला ने आरोप लगाया कि उनका मोबाइल भी छीन लिया गया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मुन्नी देवी ने बताया कि उनके पति को फिलहाल मुफ्फसिल थाना में रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि घटना का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड है। जिसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। पीड़िता ने प्रशासन से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने लूटी गई फसल वापस दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि,इस मामले में समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।

## निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित, लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**संवाददाता**



**साहिबगंज**ःनिर्वाचक निबंधक पदाधिकारी दो बोरिया अजजा विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द की अध्यक्षता में बोरियो प्रखंड कार्यालय सभागार में निर्वाचन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान एमक्यक्यू आईएनजी, एएसडीडी ,डीएसइ , प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के निष्पादन नेशनल घर नम्बर की वर्तमान स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, ने लंबित एमक्यक्युआई एनजी कार्यों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजरों को कार्य में अपेक्षित तेजी लाने व अधिकतम मतदाताओं का चिन्हीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि एएसडीडी एवं डीएसइ मामलों का पुनः सत्यापन कर निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रवासी मतदाताओं से संबंधित मामलों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार कार्रवाई करने पर बल दिया गया।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व सभी निर्वाचन संबंधी कार्य पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके। निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की आधारशिला है तथा इसमें संलग्न सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करें।

## सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएंः उपायुक्त

- विस्थापितों को जल्द आवास उपलब्ध करने हेतु उपयुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
- उपायुक्त ने सकरी गली स्थित पलटनगंज आर एंड आर कॉलोनी का किया निरीक्षण

**एजेंसी**



साहिबगंजःउपायुक्त दीपक कुमार दुबे के द्वारा पलटनगंज, सकरीगली अवस्थित पूर्व में निर्मित आरएंड आर कॉलोनी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कॉलोनी में ड्रेनेज सुविधा की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल आंगनबाड़ी केंद्र विद्युत आपूर्ति विद्यालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विस्थापित परिवारों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा बंदरगाह टर्मिनल परिसर में प्रस्तावित रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अंचलाधिकारी, साहिबगंज बोरियो एवं तालझारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भूमि अधिग्रहण एवं हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत?जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास संबंधित अंचलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुणे में हादसे का शिकार हुए प्रवासी मजदूर का शव गांव पहुंचते ही पसरा मातम

**आम तोड़ने के दौरान करंट लगने से हुई थी मौत**



**साहिबगंज/उधवा** :राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत अंतर्गत कोयश टोला गांव निवासी सहबुद शेख का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक आवास पहुंचते ही पूरे गांव में गम का माहौल छा गया। परिजनों की चीत्कार से माहौल भावुक हो उठा, वहीं अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ज्ञात हो कि कोयश टोला निवासी मोफजुल शेख के 35 वर्षीय पुत्र सहबुद शेख की महाराष्ट्र के पुणे में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई थी। वे करीब चार माह पूर्व रोजगार की तलाश में मुंबई गए थे और वहां पुणे इलाके में आम के कारोबार से जुड़े कार्य में लगे हुए थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को एक बागान में आम तोड़ने के दौरान यह हादसा हुआ। सहबुद शेख पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे थे और इस दौरान लोहे से बने उपकरण का इस्तेमाल कर रहे थे। पेड़ के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में लोहे का उपकरण आ गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। इसके बाद पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग से मुंबई से कोलकाता लाया गया, जहां से एंबुलेंस के जरिए शनिवार को उनके गांव पहुंचाया गया।शव के गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग लगातार परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। पूरे इलाके में घटना को लेकर शोक की लहर देखी गई।

### युवक को कथित तौर पर बंधक बनाकर मांगी गई चार लाख की फिरौती, पुलिस ने कराया मुक्त


**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना क्षेत्र के पलासगाछी दियारा में कथित अपहरण और फिरौती से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही राधानगर पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को सकुशल मुक्त कराया। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन एवं बाइक को जब्त करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार दक्षिण पलासगाछी पंचायत के कोयस टोला गांव में कुछ लोगों द्वारा एक युवक को बंधक बनाकर रखने की सूचना पुलिस को मिली थी। बताया जा रहा है कि युवक के परिजनों से उसकी रिहाई के बदले करीब चार लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और युवक को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। पुलिस कार्रवाई के दौरान कथित रूप से इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो जेएच 18 डी 9741 और एक बाइक को भी जब्त किया गया। वहीं, पूछताछ के लिए एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस पूरे मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। इधर, मामले में दूसरा पक्ष अलग दावा कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पकड़ा गया युवक किसी अज्ञात घर में घुसने की कोशिश कर रहा था, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक उत्तर पलासगाछी पंचायत का रहने वाला है। इस कारण घटना को लेकर इलाके में संशय और चर्चा का माहौल बना हुआ है। घटना के संबंध में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने गंगा नदी थाना के अनुसंधानकर्ता कार्तिक उरांव पर रिश्वत मांगने ,अभद्र व्यवहार करने व धमकाने का लगाया आरोप



साहिबगंज: जिले के गंगा नदी थाना क्षेत्र से पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। रामपुर निवासी चांदनी देवी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गंगा नदी थाना के अनुसंधानकर्ता कार्तिक उरांव पर रिश्वत मांगने अभद्र व्यवहार करने धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने दिए आवेदन में कहा कि गंगा नदी थाना कांड संख्या 25/26 में मुख्य आरोपियों के पिता रामसुमति सिंह का नाम गलती से प्राथमिकी में छूट गया था। आरोप है कि जब उन्होंने उक्त नाम को केस में जोड़ने का आग्रह किया तो अनुसंधानकर्ता ने इसके एवज में 10 हजार रुपये की मांग की महिला का आरोप है कि रुपये देने से इनकार करने पर समझौते के दबाव को नहीं मानने पर पुलिस अधिकारी ने उनके साथ गाली-गलौज की। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनुसंधानकर्ता ने धमकी देते हुए कहा कि सब्जी बेचकर 10 हजार लाओ, नहीं तो तुम लोगों को ही झूठे केस में फंसाकर जेल भेज देंगे। चांदनी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ने इलाज से संबंधित कागजात और एफआईआर की प्रति छीन ली तथा उन्हें धक्का देकर थाना से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि विपक्षी पक्ष दबंग प्रवृत्ति के हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें अपने खेत से सब्जी तोड़ने और नाव पर चढ़ने से भी रोका जा रहा है। मामले को लेकर महिला ने एसपी से दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

### जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन महाधरना छठे दिन भी जारी



**साहिबगंज/बरहरवा** : शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल मुख्यालय परिसर में जारी अनिश्चित कालीन महाधरना छठे दिन भी जारी रहा। लगातार बढ़ते आंदोलन और जनदबाव के बीच शनिवार को अंचलाधिकारी अनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की। हालांकि प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई बातचीत किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी,जिसके बाद वार्ता विफल हो गई।वार्ता के दौरान अंचलाधिकारी अनोज कुमार ने आंदोलनकारियों से कहा कि जाति प्रमाण पत्र कार्मिक विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही निर्गत किया जाता है। उन्होंने कहा कि आवेदकों के खतियान में शेख जाति अंकित होता है,इसलिए वर्तमान प्रावधानों के तहत शेख जाति का ही प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक कार्मिक विभाग के दिशा-निर्देशों में संशोधन नहीं होता तब तक शेरशाहबादी जाति का अलग प्रमाण पत्र निर्गत करना संभव नहीं है। इसके लिए समुदाय को कार्मिक विभाग स्तर पर पहल करनी चाहिए। वहीं संगठन की ओर से वार्ता में शामिल मुखिया मो .इश्तियाक ने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में भी किसी के खतियान में शेरशाहबादी जाति दर्ज नहीं है,क्योंकि यह पहचान अंतिम सर्वे सेटलमेंट के बाद मंडल आयोग और सच्चर कमेटी की अनुशंसा के दौरान परिभाषित हुई।ऐसे में खतियान में इसका उल्लेख होना संभव ही नहीं है। शेरशाहाबादी,शेख जाति की उपजाति होते हुए भी अपनी अलग परंपरा, रहन-सहन और ऐतिहासिक पहचान रखती है।बिहार के सीमांचल क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के मालदा,मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों और झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में इस समुदाय की विशिष्ट पहचान है।आवेदक द्वारा किए गए जातीय दावे और खतियान में दर्ज विवरण के बीच उत्पन्न संशय की स्थिति में कार्मिक विभाग के विभागीय संकल्प की कंडिका-13 के तहत स्थानीय जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है।उन्होंने मांग की कि बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में वर्ष 2012 तक अपनाई जा रही प्रक्रिया के अनुसार स्थानीय जांच के आधार पर शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

सलमान-संजू बाबा का

# अक्षय ने बिगाड़ा खेल!



**इस वक्त थिएटर्स में कई सारी फिल्में धूम मचा रही हैं. जहां कुछ मई में रिलीज हुईं फिल्में हैं. तो कुछ मार्च और अप्रैल की फिल्में भी लिस्ट में शामिल हैं. 1 मई को 'राजा शिवाजी' रिलीज हुई है. पर रितेश देशमुख की फिल्म से जैसी उम्मीद थी, मामला उससे कुछ कम ही लगता है. जी हां, हम यहां सिर्फ मराठी नहीं, बल्कि हिंदी कलेक्शन भी देख रहे हैं. वीकेंड के बाद भी चीजें बहुत बेहतर नहीं हुई हैं.**

**1 मई** को न सिर्फ सिनेमाघरों में कई बड़ी फिल्मों ने दस्तक दी है, पर ओटीटी पर भी कई फिल्में और वेब सीरीज आई हैं. पर आज हमारा फोकस रहेगा बॉक्स ऑफिस पर भौकाल काटने वाली फिल्मों पर. मार्च और अप्रैल में रिलीज हुईं फिल्में अब भी बढ़िया कलेक्शन कर रही हैं. वैसे तो 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख के अलावा सलमान खान और संजय दत्त ने भी अपने अभिनय से दिल जीत लिया है. फिल्म अच्छी कमाई भी कर रही है, लेकिन 'राजा शिवाजी' हिंदी में लगातार पिछड़ रही है. अगर पिक्चर वीकेंड में भी हिंदी से ठीक बिजनेस नहीं कर पाई है, तो फिर आगे और भी दिक्कतें बढ़ सकती हैं. जानिए सबसे पहले कि किन 4 फिल्मों ने 'राजा शिवाजी' का खेल बिगाड़ दिया है?

रितेश देशमुख की 'राजा शिवाजी' एक अच्छी फिल्म है. जहां रितेश ने खुद ही डायरेक्शन संभाला है. साथ ही कई बड़े-बड़े एक्टर्स फिल्म में दिख रहे हैं. पर मार्च में आई 'धुरंधर 2', अप्रैल में रिलीज हुई 'भूत बंगला' और 'माइकल' भी रुकने का नाम नहीं ले रही है. खासकर The Devil Wears Prada 2 को भारत में ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा, यह किसने सोचा था. भारत में हॉलीवुड फिल्मों का हमेशा से तगड़ा क्रेज रहा है, जो कहीं न कहीं भारतीय फिल्मों के लिए बड़ा खतरा भी लाता है. जानिए कैसे?

### राजा शिवाजी ने तीसरे दिन कितने कमाए?

हाल ही में सैकनिल्क की रिपोर्ट सामने आ गई है. जिसके मुताबिक, 'राजा शिवाजी' ने हिंदी में तीसरे दिन 4.25 करोड़ कमाए हैं. वहीं, मराठी में यह बिजनेस 7.75 करोड़ रुपये रहा है. जी हां, टोटल फिल्म ने संडे को 12 करोड़ का बिजनेस किया है. साथ ही अबतक इंडिया से कुल 33.90 करोड़ की कमाई हो चुकी है. जहां पिक्चर ने पहले दिन 11.35 करोड़ कमाए थे, तो दूसरे दिन का कलेक्शन 10.55 करोड़ रुपये रहा था. हालांकि, ग्रॉस कलेक्शन 40.34 करोड़ तक पहुंच गया है. तीसरे दिन के कुल शोज 5,771 रहे हैं.

### 'माइकल'-'द डेविल वियर्स प्राडा 2' की कमाई

शुरुआत करते हैं हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' से. जिसे रिलीज हुए तीन दिन पूरे हो गए हैं. वहीं, संडे को फिल्म ने 3.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. जबकि टोटल शोज की संख्या 1,526 रही है. ऑक्यूपेंसी भी 35 परसेंट रही है. अबतक कुल 13.35 करोड़ रुपये का बिजनेस हो चुका है. जबकि, ग्रॉस कलेक्शन 15 करोड़ रुपये से ज्यादा है. जहां पेड प्रीव्यू में 1 करोड़ कारोबार था, तो पहले दिन- 3.80 करोड़ और दूसरे दिन- 4 करोड़ रहा है. बात माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' की करें, तो फिल्म भी लगातार अच्छा कमा रही है. दूसरे संडे को फिल्म ने 3.21 करोड़ कमाए हैं. साथ ही इंडिया से अबतक 36.32 करोड़ कमा लिए हैं. 'राजा शिवाजी' की कमाई पर पूरा-पूरा असर डाल रही हैं.

### रुकने का नाम नहीं ले रही 'धुरंधर 2'

दरअसल रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' पहले ही 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है. जी हां, फिल्म ने 1788 करोड़ से ज्यादा वर्ल्डवाइड छाप लिए हैं. पर अब भी करोड़ों में कमाई कर रही है.

7वें संडे को भी भारत से 1.40 करोड़ कमा लिए हैं. साथ ही 1138 करोड़ भारत से टोटल कमा लिए हैं. फिल्म को 50 दिन कंप्लीट होने वाले हैं और अबतक 1 करोड़ से कम बिजनेस नहीं गया है. जो अपने आप में बड़ा रिकॉर्ड है.

### 'भूत बंगला' के आगे पस्त हुई 'राजा शिवाजी'

अक्षय कुमार को 'भूत बंगला' के साथ एक हिट मिल गई है. जी हां, फिल्म ने 17वें दिन यानी तीसरे संडे को भारत में 5.50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. पिछले दिन ऑक्यूपेंसी भी 27 परसेंट रही हैं. साथ ही भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 142.50 करोड़ रही है. फिल्म की कमाई में उछाल देखा गया है, वो भी कुल 26.4 परसेंट. अक्षय कुमार की फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 169.72 करोड़ रह गया है. जबकि, दुनियाभर से 225.52 करोड़ कमाए हैं. क्योंकि संडे को भारत में फिल्म ने राजा शिवाजी से ज्यादा कमाए हैं, तो सीधे तौर पर संजू बाबा और सलमान खान को पछाड़ दिया है.



# फिर 'भैरवा' बनकर लौट रहे प्रभास




- **'कल्कि 2' की तैयारी फुल, अबतक का सबसे धांसू अपडेट आ गया!**

**प्रभास** के खाते में इस समय कई बड़ी पिक्चर हैं. जिनकी रिलीज का जितना इंतजार हो रहा है, उससे पहले फैन्स चाहते हैं कि मेकर्स डेट ही कंफर्म कर दें. पर अबतक ऐसा भी कुछ होता दिख नहीं रहा है. प्रभास एक साथ कई फिल्मों को लेकर बिजी हैं, पर काम अटका पड़ा है. 'कल्कि 2' के सेट पर वो अबतक नहीं आए हैं. लेकिन एक्टर को लेकर अबतक का सबसे बड़ा अपडेट सामने आ गया है. साउथ सुपरस्टार प्रभास इस वक्त 'फौजी' को लेकर बिजी चल रहे हैं. इसी साल दशहरा तक फिल्म को रिलीज करने की प्लानिंग है. वैसे तो एक्टर की एक पिक्चर आ चुकी है, जो थी- 'राजा साब'. पर पिक्चर बुरी तरह से पिट गई थी. वैसे- 'स्पिरिट', 'कल्कि 2' समेत दूसरी कई फिल्में लिस्ट में हैं. प्रभास लगातार फिल्मों का काम निपटा रहे हैं. वैसे फिलहाल 'कल्कि' के सीक्वल का काम अमिताभ बच्चन और कमल हासन ने शुरू किया था. दोनों सुपरस्टार्स एक साथ सेट पर नजर आए थे. वैसे तो कहा जा रहा था कि प्रभास जल्द ही काम शुरू करेंगे. पर फिर फरवरी में कुछ अपडेट नहीं मिला. पर फाइनली तैयारी पूरी हो गई है. 2024 में ही प्रभास की फिल्म 'कल्कि' रिलीज हुई थी. यह उस साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म थी, साथ ही 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया था. फिल्म में एक्टर ने जबरदस्त काम किया था. साथ ही उनके अपोजिट दीपिका पादुकोण नजर आई थीं. पर इस बार एक्ट्रेस का पत्ता कट गया है. अब बड़ा सवाल है कि दीपिका की जगह, किस एक्ट्रेस की फिल्म में एंट्री होगी.

**राहुल गांधी से शादी के दावे वाले फर्जी सोशल पोस्ट पर**

# कंगना का फूटा गुस्सा

**बॉलीवुड** की चर्चित अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपने बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट साझा कर फर्जी अफवाह फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर करारा जवाब दिया है। कंगना रनौत अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वे हर मुद्दे पर मुखर होकर बोलती हैं। उस पर भी बात उनसे जुड़ी फर्जी अफवाहों की हो, तो हर बार वे ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब देती हैं। इस बार भी ऐसा हुआ। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है। इसमें कंगना के बारे में अपमानजनक बात लिखी हुई है।

### कंगना ने लिखा- 'शर्म आनी चाहिए'

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह फर्जी दावे वाला पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'यह फर्जी खबर बेहद घटिया है। राजनीति में भी महिलाओं के लिए कोई गरिमा नहीं बची है। इस तरह की फर्जी खबरें फैलाने वालों को ऐसी हरकतों पर शर्म आनी चाहिए'।

### आपत्तिजनक पोस्ट का कंगना ने किया खंडन

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है। इसमें कंगना रनौत के नाम से एक फर्जी कमेंट लिखा है। इसमें एक्ट्रेस के नाम से दावा किया गया है, अगर राहुल गांधी भाजपा से जुड़ते हैं तो मैं उनसे शादी करने को तैयार हूं'। यह पोस्ट जैसे ही कंगना रनौत तक पहुंची, उन्होंने तुरंत इसका खंडन किया है। साथ ही ऐसी अपमानजनक पोस्ट साझा करने वालों को आड़े हाथों लिया है।

# मुझे क्या परवाह इस दुनिया की... अंजलि अरोड़ा



**कच्चा** बादाम गर्ल अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया का काफी पॉपुलर चेहरा हैं और उनके कुछ वीडियोज खूब वायरल हुए. उनका एक डांस वायरल हुआ था जिसके बाद उन्हें कच्चा बादाम गर्ल के नाम से पहचाना जाने लगा. अब उनका एक नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे स्कूटी चलाती नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया के दौर में वैसे तो कुछ भी वायरल हो जाता है. कई सारे ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्ल्यूएंसर्स ऐसे हैं जो काफी एक्टिव रहते हैं और फैंस के लिए कुछ ना कुछ शेयर करते रहते हैं. वायरल गर्ल अंजलि अरोड़ा को ही ले लीजिए. कच्चा बादाम गर्ल के तौर पर वायरल हुईं अंजलि अरोड़ा अपने डेली रूटीन से फैंस को अपडेट करती रहती हैं. हाल ही में उनका मन आउटिंग का किया तो वे सुनसान सड़क पर स्कूटी लेकर निकलीं और बिंदास स्कूटी चलाते हुए सफर का आनंद उठाती नजर आ रही हैं. अब उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वे फुल मस्ती करती नजर आ रही हैं. अंजलि अरोड़ा वीडियो में खुद की कंपनी एंजॉय करती नजर आ रही हैं. वीडियो में वे काफी खुश लग रही हैं और उनके साथ कोई दूसरा नजर नहीं आ रहा है. अंजलि बिना हेलमेट लगाए स्कूटी ड्राइव कर रही हैं और बेखौफ नजर आ रही हैं. आइए जानते हैं कि फैंस उनके वीडियो पर क्या रिएक्ट कर रहे हैं.

परिवार के रीयूनियन को देख भावुक हुईं आरती सिंह, बोलीं- 'गलतफहमियों ने दूर कर दिया था

# अब सब ठीक हो गया

**टीवी** अभिनेत्री आरती सिंह अपने भाई कृष्णा अभिषेक, भाभी कश्मीरा शाह और मामी सुनीता आहूजा को लंबे समय बाद साथ देख भावुक हो उठी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने हाल ही में टेलिकास्ट हुए शो 'लाफ्टर शेफ्स' के एक एपिसोड की कुछ तस्वीरें साझा कीं। इस एपिसोड में सुनीता आहूजा स्पेशल गेस्ट बनकर सेट पर पहुंचीं थी। लंबे समय बाद परिवार के लोगों को एक साथ देखकर आरती भावुक हो गईं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ''जब मैंने यह एपिसोड देखा तो मेरी आंखों से आंसू बहने लगे। बाकी लोगों के लिए यह सिर्फ 'मामी डे' वाला स्पेशल एपिसोड रहा होगा, लेकिन मेरे लिए यह कई सालों से देखे गए एक सपने के पूरा होने जैसा था। हमारा परिवार पहले बहुत खुश और एक-दूसरे से जुड़ा हुआ था। सभी लोग प्यार से साथ रहते थे लेकिन समय के साथ कुछ गलतफहमियां और नाराजगी रिश्तों में आ गईं, जिससे दूरियां बढ़ गईं।''



आरती ने कहा, ''समय कभी-कभी रिश्तों को बिगाड़ देता है लेकिन जब सही वक्त आता है तो सब कुछ फिर ठीक भी हो जाता है। परिवार का यह रीयूनियन मेरे दिल का सबसे बड़ा सपना था। जिस तरह यह सब हुआ, उसने मुझे अंदर तक भावुक कर दिया।'' आरती ने कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'दोनों ने जिस तरह माफी मांगी, वह पूरी तरह सच्ची और दिल से थी। मैं दोनों को बहुत अच्छे से जानती हूं और समझ सकती हूं कि उनके इमोशन्स कितने सच्चे थे। मैंने सुनीता मामी और गोविंदा मामा को बहुत याद किया। उनसे भी ज्यादा टीना और यश को। ' आरती ने कहा, ''मैं भगवान से यही प्रार्थना करती हूं कि कभी भी गुस्सा या गलतफहमियां इतनी बड़ी न हो जाएं कि परिवार के लोगों को सालों तक एक-दूसरे से दूर रहना पड़े। परिवार के बड़े लोग घर की जड़ की तरह होते हैं। वह हमेशा जोड़कर रखते हैं और उनका सम्मान करना बेहद जरूरी होता है। मामी और मामा ने हमेशा हमें अपने बच्चों की तरह प्यार दिया है।''

अपने पोस्ट के आखिर में आरती सिंह ने कहा, ''मैं इस रीयूनियन से बेहद खुश हूं और भगवान का धन्यवाद करती हूं। अब मुझे उस दिन का इंतजार है जब पूरा परिवार फिर से एक साथ खुशी-खुशी तस्वीरें खिंचवाएगा।''

# आईपीएल 2026 : गुजरात टाइटंस की लगातार चौथी जीत, राजस्थान को 77 रन से हराया

एजेंसी

**जयपुर :** गुजरात टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 77 रन से हराकर आईपीएल 2026 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों के दम पर राजस्थान को पूरी तरह दबाव में ला दिया। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 229 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 44 गेंदों पर 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से शानदार अर्धशतक लगाया। वहीं साई सुदर्शन ने 36 गेंदों पर 55 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।



राजस्थान की ओर से युवा गेंदबाज बृजेश शर्मा को दो विकेट मिले, लेकिन अन्य गेंदबाज गुजरात के बल्लेबाजों को रोकने में सफल नहीं हो सके। 230 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत खराब रही। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और 16.3 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका। रवींद्र जडेजा ने 38 रन बनाकर टीम की ओर से सबसे ज्यादा योगदान दिया, जबकि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों पर 36 रन की तेज पारी खेली। गुजरात की जीत में राशिद खान ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 33 रन देकर 4 विकेट झटके और राजस्थान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। जेसन होल्डर ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि कगिसो रबाडा को 2 और मोहम्मद सिराज को एक विकेट मिला। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है, जबकि राजस्थान रॉयल्स को लगातार खराब प्रदर्शन से चिंता बढ़ गई है।

# छग के रायपुर में आज आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच टक्कर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के तहत दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच आज रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 13 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। आईपीएल मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं इस मैच पर बारिश का साया भी मंडरा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज राजधानी में गरज-चमक के साथ बारिश एवं तेज हवा चलने की आशंका जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज रविवार को




अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री रह सकता है। हालांकि मैच शुरू होने तक आसमान साफ रहने की संभावना जताई गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम आईपीएल मैच को लेकर स्टेडियम परिसर में पुलिस द्वारा कड़े इंतजाम किए गए है।जिसमें पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी।इसके पहले शनिवार को रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों के साथ स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

**इस प्रकार हैं टीम :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल सॉल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, विल जैक्स, क्विंटन डिकॉक, रयान रिकेल्टन, नमन धीर, कॉर्बिन बॉश, शेरफेन रदरफोर्ड, शार्दुल ठाकुर, मयंक मारकंडे, रॉबिन मिंज, राज बावा, अथर्व अंकोलेकर, मयंक रावत, रघु शर्मा, केशव महाराज, दानिश मालेवार, मोहम्मद सलाहुद्दीन इजहार, एएम गजनफर, अश्वनी कुमार।

# हिमाचल में अगले पांच दिन बारिश-आंधी का अलर्ट, 12-13 मई को सबसे ज्यादा खराब रहेगा मौसम

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। 12 और 13 मई को मौसम सबसे ज्यादा खराब रहने की संभावना जताई गई है। इन दो दिनों के लिए कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। रविवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हैं और मौसम ठंडा बना हुआ है। पहाड़ी इलाकों में सुबह-शाम सर्दी जैसा एहसास हो रहा है, जबकि मैदानी और निचले क्षेत्रों में भी इस बार उमस महसूस नहीं हो रही। मई महीने में अब तक कई बार बारिश हो चुकी है, जिससे तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 11 मई को कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 12 और 13 मई को मौसम सबसे ज्यादा सक्रिय रहेगा। इन दिनों प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश, बिजली चमकने, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और कुछ जगह ओलावृष्टि होने का अनुमान है। 14 मई को भी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है। 15 मई को कुछ क्षेत्रों में फिर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि 16 मई को केवल अलग-अलग स्थानों पर हल्की गतिविधियां हो सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ऊंचाई वाले जनजातीय और पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के भी आसार हैं। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। प्रदेश के प्रमुख शहरों के न्यूनतम तापमान की बात करें तो शिमला में 14 डिग्री सेल्सियस, सुंदरनगर में 19.6, भुंतर में 17.1, कल्पा में 9, धर्मशाला में 10.7, ऊना में 20, नाहन में 16.1, केलांग में 5.4, पालमपुर में 17.5, सोलन में 15, मनाली में 10.9, कांगड़ा में 22.7, मंडी और बिलासपुर में 20.5, चंबा में 17.7, डलहौजी में 14.6, जुब्बड़हट्टी में 17.2, कुफरी में 10.7, कुकुमसेरी में 6.8, पांवटा साहिब और देहरा गोपीपुर में 22, सराहन में 11.1 और ताबो में 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर पहाड़ी और संवेदनशील इलाकों में यात्रा करते समय सतर्क रहने को कहा गया है।



# मप्र: मुख्यमंत्री आज गुना में 1189 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का करेंगे भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को गुना जिले को विकास की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री यहां औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से 1189 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी शुभम शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1059 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। साथ ही लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के 144 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यों से जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा



आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### जिले में मिलेगें रोजगार के अवसर

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, अंबुजा कांक्रीट नार्थ प्रा.लि. (अडानी ग्रुप) द्वारा मावन में 32 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित की जाने वाली यह सीमेंट प्रोजेक्ट जिले के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना की उत्पादन क्षमता 22 मिलियन टन प्रतिवर्ष होगी। यह यूनिट गुना शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थापित की जा रही है। सीमेंट प्रोजेक्ट के प्रारंभ होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही शासन को प्रतिवर्ष लगभग 160 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा

प्रस्तावित परियोजना से न केवल औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि परिवहन, व्यापार, सेवा एवं अन्य सहायक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे गुना जिले की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज मप्र में करेंगे पीएमजीएसवाई IV एवं पीएमजनमन योजना का शुभारंभ



**सीहोर :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रविवार को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के भैरूंदा में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-क्ष (पीएमजीएसवाई IV) और पीएमजनमन योजना का शुभारंभ का करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी देवेन्द्र ओगारे ने बताया कि सीहोर जिले के भैरूंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्ष तथा पीएम जनमन योजना का शुभारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- क्ष के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 1763 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश की 987 बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। योजना के तहत सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपये की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों से जिले की 84 बसाहटें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क मिलने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी तथा विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

## लैंसडाउन में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की पहल को सराहा



एजेंसी

**पौड़ी :** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत लैंसडाउन में महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। राज्यपाल अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार शाम को लैंसडाउन पहुंचे। राज्यपाल ने सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान' का उद्घाटन किया। कैंट बोर्ड के अधिकारियों की ओर से राज्यपाल को उद्यान की संकल्पना, संरचना एवं पर्यावरणीय महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान राज्यपाल ने उद्यान में विकसित हरित व्यवस्थाओं एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान में किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ देश सेवा में योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों के सम्मान का भी प्रतीक है। उद्यान भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों से भी आत्मीय संवाद किया। इसके उपरांत राज्यपाल ने 'ऑल वुमेन कैफे' का भ्रमण किया। यहां उन्होंने स्थानीय महिलाओं की ओर से तैयार किए गए पहाड़ी एवं पारंपरिक उत्पादों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराया कैंटर, आठ माह के मासूम और दो महिलाओं की मौत

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक कैंटर के डिवाइडर से टकराने से कैंटरसवार दो महिलाओं और आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में हुआ । पुलिस के अनुसार, हादसा तड़के करीब तीन बजे गांव जखेड़ा रहमत के पास बरेली से लुधियाना जा रहा एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। कैंटर के तेज रफ्तार से टकराने से कैंटरसवार दो महिलाओं और एक आठ माह के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और शवों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने अथवा तेज रफ्तार के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान हरदोई जिले के मांझ गांव निवासी अभिषेक की पत्नी श्रीदेवी (28)और उनके 8 माह के बेटे अभिजीत के अलावा बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी स्थित सकतीया सिंगवाली गांव निवासी लालाराम की पत्नी सावित्री देवी (32) के रूप में हुई है। हादसे में घायल लालाराम और अभिषेक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई कर रही है और घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

## नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान: 28 दिनों में 646 गिरफ्तार, 260 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त

एजेंसी

**जम्मू :** 100 दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है जिससे नशीली दवाओं की तस्करी से संबंधित 614 एफआईआर में 646 लोगों की गिरफ्तारी हुई और 260 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थों की जब्ती हुई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत पिछले 28 दिनों में 31 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों की कुर्की और तोड़फोड़ भी की गई। चल रहे 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' जो केंद्र शासित प्रदेश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सबसे बड़े अभियानों में से एक है, में भी बड़े पैमाने पर सार्वजनिक भागीदारी देखी गई है जिसमें पूरे जम्मू और कश्मीर में 2,16,123 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें एक करोड़ से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अभियान के दौरान एनडीपीएस अधिनियम के तहत 614 एफआईआर दर्ज की गई हैं जबकि 646 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 435 ड्रग तस्करों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने पूरे जम्मू-कश्मीर में 160 नशीली दवाओं के हॉटस्पॉट की भी पहचान की है। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा और प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 260 किलोग्राम से अधिक विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए हैं जिनमें 3.8 किलोग्राम हेरोइन, 32.92 किलोग्राम चरस और 222.31 किलोग्राम गांजा शामिल है। इसके अलावा अभियान के दौरान 21 मरला अवैध पोस्त की खेती को नष्ट कर दिया गया। अभियान को एक व्यापक संपूर्ण सरकारी पहल और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के दिमाग की उपज बताते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य सामाजिक कल्याण, सूचना, पुलिस, शिक्षा और संबद्ध एजेंसियों के विभागों से जुड़ी समन्वित संस्थागत कार्रवाई को दर्शाता है। ड्रग नेटवर्क पर कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने ड्रग तस्करों से जुड़े 37 घरों को सील कर दिया या ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 25.97 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति जब्त या कुर्क की गई जबकि 3.70 करोड़ रुपये की अतिरिक्त संपत्ति ध्वस्त कर दी गई। 1.67 करोड़ रुपये की चल संपत्ति भी जब्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थों की गतिविधियों से जुड़े परिवहन और फार्मास्युटिकल चैनलों के दुरुपयोग के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान 252 ड्राइविंग लाइसेंस और 111 वाहन पंजीकरण रद्द कर दिए गए जबकि 104 दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए और दो रद्द कर दिए गए। उन्होंने कहा कि आउटरीच कार्यक्रमों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए पदयात्रा, सेमिनार, रैलियां, स्कूल और कॉलेज की गतिविधियां, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम, गांव-स्तरीय अभियान और सामुदायिक बातचीत शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि टेली-मानस पहल के तहत परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणालियों को मजबूत किया गया जिसे अभियान अवधि के दौरान 2,786 कॉल प्राप्त हुईं। उपचार और पुनर्वास सुविधाओं का भी विस्तार किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित व्यसन उपचार सुविधाओं में 44,602 रोगियों का इलाज किया गया जिनमें 44,263 ओपीडी मामले और 339 आईपीडी प्रवेश शामिल थे।

# सराफा बाजार में कमजोरी का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मामूली कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 290 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,350 रुपये से लेकर 1,54,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,39,650 रुपये से लेकर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी



गिरावट आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज शुरूआती कारोबार के दौरान 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,640 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में तेजी दर्ज की गई। इस तेजी के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,500 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,39,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,39,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बालिअंता मामलों की जांच सीआईडी क्राइम ब्रांच ने संभाली

**भुवनेश्वर :** ओडिशा पुलिस की अपराध अन्वेषण विभाग की क्राइम ब्रांच ने बालिअंता थाना में दर्ज दो संवेदनशील मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर बालीअंता थाना केस संख्या 220/2026 और 221/2026 की जांच अब सीआईडी क्राइम ब्रांच, कटक द्वारा की जाएगी। राज्य पुलिस द्वारा यह जानकारी दी गई है । ये मामले सार्वजनिक स्थान पर कथित यौन उत्पीड़न तथा उसके बाद भीड़ द्वारा सौम्य रंजन स्वाईं की मौत से संबंधित हैं। मामलों की संवेदनशीलता को देखते हुए सीआईडी क्राइम ब्रांच ने जांच का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में लिया है। इन मामलों को सीआईडी सीबी थाना केस संख्या 06/2026 और 07/2026 के रूप में 9 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत पुन: दर्ज किया गया है। सीआईडी क्राइम ब्रांच उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) रत्नप्रभा सतपथी को घटनास्थल पर जांच के लिए नियुक्त किया गया है। जांच प्रक्रिया सीआईडी क्राइम ब्रांच के पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध राउतराय के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में शुरू की गई है, ताकि जांच में स्पष्टता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### नेशनल हाइवे पर कार से चिट्टा बरामद, तीन युवक गिरफ्तार

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच जिला शिमला पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस थाना कुमारसैन की डिटेक्शन टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे)-05 पर कार्रवाई करते हुए एक कार से 9 ग्राम से ज्यादा चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार को बारूबाग क्षेत्र में की गई। उस समय डिटेक्शन टीम गश्त और निगरानी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक वाहन को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार लोगों के कब्जे से 9 ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद हुआ। तलाशी की पूरी प्रक्रिया स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 33 वर्षीय प्रवीण कुमार निवासी धलियार, जिला बिलासपुर, 31 वर्षीय रोहित चौहान निवासी बठारा, तहसील रामपुर और 25 वर्षीय तुषार वर्मा निवासी नवारू, तहसील रामपुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में थाना कुमारसैन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। जिस वाहन में आरोपी सवार थे, उसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश भी की जा रही है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे किस इलाके में सप्लाई किया जाना था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने रविवार को बताया कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रैपिडो और कैब सेवाओं से प्रभावित हो रहा पेट्रोल ऑटो कारोबार

**जम्मू :** जम्मू शहर में तेजी से बढ़ती ऑनलाइन कैब और बाइक टैक्सी सेवाओं ने जहां लोगों की यात्रा को आसान बनाया है वहीं पारंपरिक पेट्रोल ऑटो चालकों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। रैपिडो, ओला और उबर जैसी ऐप आधारित सेवाओं के विस्तार के बाद ऑटो चालकों का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। पहले जिन स्टैंडों पर यात्रियों की लंबी कतारें दिखाई देती थीं, वहां अब ऑटो चालक घंटों सवारी का इंतजार करते नजर आते हैं। दरअसल डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित सेवाओं ने लोगों को घर बैठे कम किराए और आसान बुकिंग की सुविधा दी है। यात्री अब मोबाइल ऐप के जरिए कुछ ही मिनटों में बाइक टैक्सी या कैब बुला लेते हैं। इससे पारंपरिक ऑटो सेवाओं की मांग में तेजी से गिरावट आई है। खासकर पेट्रोल ऑटो चालकों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है क्योंकि बढ़ते ईंधन दामों के बीच उनकी कमाई लगातार घटती जा रही है। ऑटो चालकों का कहना है कि पहले दिनभर में जितनी आमदनी हो जाती थी अब उसका आधा भी मुश्किल से हो पाता है। कई चालक बैंक लोन या किस्तों पर ऑटो खरीद चुके हैं और घटती कमाई के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर ऐप आधारित सेवाओं में किराया पहले से तय होने और डिजिटल भुगतान की सुविधा के कारण यात्री भी इन्हें ज्यादा पसंद कर रहे हैं। एक बड़ी समस्या यह भी है कि पारंपरिक ऑटो चालकों के पास तकनीकी और डिजिटल प्लेटफॉर्म तक सीमित पहुंच है। अधिकांश छोटे चालक ऐप आधारित व्यवस्था में शामिल नहीं हो पा रहे जिसके कारण प्रतिस्पर्धा में पीछे छूटते जा रहे हैं। वहीं कई शहरों में बाइक टैक्सी सेवाओं को लेकर नियम और परमिट व्यवस्था भी स्पष्ट नहीं है जिससे ऑटो यूनियनों में नाराजगी बढ़ रही है। हालांकि यह भी सच है कि तकनीक और आधुनिक सेवाओं को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। समय के साथ परिवहन व्यवस्था बदल रही है और लोगों की प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सरकार और परिवहन विभाग पारंपरिक ऑटो चालकों के हितों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति तैयार करें। उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने, ईंधन पर राहत देने और वैकल्पिक रोजगार सहायता जैसी योजनाओं पर काम करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते संतुलन नहीं बनाया गया तो आने वाले वर्षों में हजारों ऑटो चालक आर्थिक संकट की चपेट में आ सकते हैं। तकनीक और रोजगार के बीच संतुलन बनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है।

### पटाखा फटने से नाबालिग गम्भीर घायल,भर्ती

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में शनिवार की देर रात रानीपुर थाना क्षेत्र में पटाखा जलाने के दौरान एक नाबालिग गम्भीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों ने उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में एडमिट किया है जहां नाबालिग का उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष रानीपुर हरेन्द्र मिश्रा ने रविवार को बताया कि ग्राम पंचायत रमवापुर में बीती रात एक वैवाहिक कार्यक्रम था, जिसमें पटाखे चलाये जा रहे थे। एक पटाखा नहीं दगा। जिसे फेंक दिया गया। इस बीच नाबालिग आकाश पुत्र शिवराम खेत में पड़े पटाखे का गोला जलाने की कोशिश करने लगा और वह अचानक उसके हाथ में फट गया। पटाखा फटने से उसका हाथ, चेहरा और शरीर के अन्य अंग गम्भीर रूप से झुलस गए। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### 83.87 फीसदी रहा दसवीं का परीक्षा परिणाम, कांगड़ा की अनमोल 699 अंकों सहित रही टॉपर

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। इस बार परीक्षा में 93 हजार 661 ने भाग लिया था जिनमें 78 हजार 150 छात्र पास हुए हैं। इस तरह परीक्षा परिणाम 83 .87 प्रतिशत रहा। वहीं 8433 छात्रों को कंपार्टमेंट आई है। फेल छात्रों की संख्या 6559 रही है। परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि कांगड़ जिला के निजी स्कूल की छात्रा अनमोल प्रदेश में टॉपर बनी है। अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि अभी प्रोविजनल मैरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाईनल मैरिट सूची जारी होगी।



## नशा मुक्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य पर लुपुंगडीह में अहम बैठक, मुखिया ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**बंदगांव :** बंदगांव प्रखंड के टोला लुपुंगडीह में रविवार को ग्राम विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया करम सिंह मुंडरी ने की।? बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया करम सिंह मुंडरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नशे की लत सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपील की गाँव का कोई भी व्यक्ति नशा का कारोबार या सेवन न करें। एक नशामुक्त गाँव ही प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकता है।?मुखिया ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गाँव की शैक्षणिक और स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा एक शिक्षित समाज ही क्षेत्र का विकास कर सकता है। सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएं और उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजें। स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बीमारी की स्थिति में झाड़-फूंक या ओझा-गुणी के चक्कर में पड़कर समय बर्बाद न करें। मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाएं। सरकारी योजनाओं को गाँव की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी ग्रामीणों से एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर सामूहिक रूप से विकास कार्यों में भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नानकू मुंडरी, विनोद मुंडरी, नारा मुंडरी, सूरज मुंडरी,मंगल सिंह मुंडा, खेदन मुंडरी, बुधराम मुंडरी, जितन संगा,मिंसारी मुंडरी, गोविंद बारला, रानी बोदरा, सुनीता हेम्ब्रोम, समी मुंडरी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक रानी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण डीपीआर तैयार, जल्द जारी होगी निविदा



**चक्रधरपुर :** शहर की ऐतिहासिक धरोहर माने जाने वाले रानी तालाब के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि रानी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार कर लिया गया है तथा आगामी एक सप्ताह के भीतर निविदा प्रकाशित कर दी जाएगी। इसके बाद परियोजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि रानी तालाब केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि चक्रधरपुर शहर की पहचान और सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है। लंबे समय से इसके विकास और संरक्षण की मांग उठती रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक सुखराम उरांव ने इस परियोजना को लेकर लगातार प्रयास किया। विधायक ने कई बार विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रानी तालाब के सौंदर्यीकरण को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग भी रखी थी।

सन्नी उरांव ने कहा कि लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि अब परियोजना का डीपीआर तैयार हो चुका है और जल्द ही कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने के बाद रानी तालाब क्षेत्र शहरवासियों के लिए आकर्षक एवं व्यवस्थित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

परियोजना के तहत तालाब परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। शहरवासियों में भी इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## कुरलिया-2 में श्री हरि नाम संकीर्तन भक्ति व उत्साह के साथ संपन्न



**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर के कुरलिया-2 क्षेत्र में आयोजित भव्य श्री हरि नाम संकीर्तन समारोह भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के नाम का जाप किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री सुखराम उरांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय कुमार साव उपस्थित रहे। अतिथियों को आयोजन समिति द्वारा पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। मौके पर ?विधायक सुखराम उरांव ने अपने संबोधन में कहा धार्मिक आयोजन समाज में एकजुटता और शांति का संदेश देते हैं। श्री हरि नाम संकीर्तन से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि इससे आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। मैं समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना करता हूँ। ?नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय कुमार साव ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा भक्ति की शक्ति ही हमें जीवन की चुनौतियों से लड़ने का संबल देती है। कुरलिया-2 के निवासियों ने इस आयोजन के जरिए जो श्रद्धा और अनुशासन दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। प्रभु श्री हरि सभी के जीवन में खुशहाली लाएं।? संकीर्तन के दौरान स्थानीय कलाकारों और कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय समिति के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आगामी एसआईआर को लेकर झामुमो बरहेट प्रखंड के सभी बीएलए दो को किया गया प्रशिक्षित

**साहिबगंज/बरहेट:**झामुमो जिला समिति साहिबगंज के निदेर्शानुसार बरहेट हाई स्कूल स्थित ऑडिटोरियम हाल में झामुमो प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी के अध्यक्षता में हुई।बैठक में जिला से नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रमकेंद्रीय समिति सदस्य सह युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी झामुमो जिला सचिव सुरेश टुडू शामिल हुए।उक्त बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम ने कहा कि आगामी एसआईआर को देखते हुए सभी पंचायत के अध्यक्ष सचिव ओर बीएलए दो के साथ बैठक हुई ओर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। सभी पार्टी के बीएलए दो को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। सभी को एसआईआर से संबंधित जानकारी स्पष्ट तौर पर दी गई। साथ ही एक सप्ताह के अंदर बूथ कमेटी बनाने हेतु सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है। साथ ही साथ सभी 22 पंचायत में बूथ कमिटी बनाने हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### चाईबासा व्यवहार न्यायालय और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 132336 मामलों का हुआ निष्पादन, सैंतीस करोड़ बावन लाख रुपये का हुआ समायोजन

**ज्योति पाठक**

**चाईबासा:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने आभासी माध्यम से किया।

इसी क्रम में चाईबासा सिविल कोर्ट परिसर और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, इस दौरान चाईबासा न्यायालय में




गठित नौ और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में तीन न्यायपीठों का गठन किया गया, मामलों की सुनवाई करते हुए प्री लिटिगेशन के

128952 मामलों जिसमें बैंक से संबंधित 119 वाद, ट्रैफिक चालान के 107, राजस्व के 127812, बी एस एन एल के 27, स्थायी लोक अदालत के 876 उपभोक्ता न्यायालय से संबंधित 8, वाणिज्यिक न्यायालय के 3 तथा विभिन्न न्यायालयों में लंबित 3384 मामलों जिसमें अपराधिक शमनीय (कंपाउंडेबल) के 2915 वाद , बिजली विभाग से संबंधित 67, राजस्व से संबंधित 358, भूमि अधिग्रहण से जुड़े 3, जेएमएमसी सेक्शन 54 के 15, मोटर दुर्घटना क्लेम ट्राईब्यूनल के तहत 5, कुटुंब न्यायालय से संबंधित 8, एनआई एक्ट से संबंधित 9 तथा अन्य सिविल मामलों के 4 वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। जिसमें कुल 132336 मामलों का निष्पादन हुआ और 37,52,00,542 ( सैंतीस करोड़ बावन लाख पांच सौ बयालीस रुपये) का समायोजन हुआ। प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार प्रत्येक तीन माह के अंतराल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होनें जानकारी दी कि प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, सूर्य भूषण ओझा जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री विनोद कुमार सिंह, पीयूष श्रीवास्तव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अक्षत श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रवि चौधरी, सिविल जज सीनियर डिविजन सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, एंजेलिना नीलम मड़की, रेलवे दंडाधिकारी- मंजीत कुमार साहू, न्यायिक दंडाधिकारी- प्रथम श्रेणी पूजा पांडेय, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष- सुनील कुमार सिंह तथा चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में अजय कुमार सिंह, एडीजे प्रथम, चक्रधरपुर-कृष्णा लोहरा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और अंकित कुमार सिंह, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी चक्रधरपुर की न्यायिक पीठ ने मामलों का निष्पादन किया। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने दी।

# डॉल्फिन संरक्षण के लिए गंगा में डॉल्फिन सेंचुरी बनायेगा अमन

### साहिबगंज के लाल ने आईएफएस में 27 रैंक लाकर किया नाम रौशन

**संवाददाता**

साहिबगंज:प्रतिभा का जादू सर चढ़कर बोलता है, प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। पुरानी साहिबगंज निवासी ओमप्रकाश तिवारी के पुत्र अमन आयुष्कर ने आईएफएस क्रैक किया है। 8 मई को आईएफएस का रिजल्ट प्रकाशित हुआ।जिसमें अमन ने आल इंडिया 27 रैक प्राप्त किया। वही अमन ने बताया कि पूर्व में मै रक्षा मंत्रालय में भारतीय इंजीनियरिंग सेवा की परीक्षा 2018 में पास किया ओर जनवरी 2020 में पोस्टिंग हुआ।अमन आयुष्कर रक्षा मंत्रालय में कैप्टन था।गलवान घटना के बाद भारत चीन सीमा पर कैलाश मानसरोवर रोड बनाने के लिए 2021 में आर्मी कमांडर मेडल मिला था।वही उत्तराखंड में सड़क निर्माण कार्य के दौरान पिथौरागढ़ में फॉरेस्ट अधिकारियों से वार्ता हुई।तभी हमको वन संरक्षण करने का ठाना सेंट्रल सर्विस से ऑल इंडिया सर्विस की ओर रुख किया।उसके बाद 2024 में रिजाइन करके घर में रहकर आईएफएस की तैयारी करने लगा।वही वर्ष 2009 में स्कूली शिक्षा संत जेवियर्स स्कूल से कर-के ग्रेजुएशन 2016 में ओर एमटेक 2018 में आईआईटी दिल्ली से किया। 2018 से 2024 तक जॉब किया।वही आईएफएस की तैयारी में मेरे परिजन, दोस्तों, मेरे स्कूल से लेकर कॉलेज के शिक्षकों,मेरे जॉब प्लेस के



अधिकारियों व फॉरेस्ट ऑफिसर प्रबल गर्ग ने काफी मदद किया।सभी के सहयोग से ये सफलता मिली।तैयारी के क्रम में जिसने भी मदद की सबका आभार।इस सर्विस में जाने के लिए प्रेरणा पटना के डॉल्फिन मैन से मिला।डॉल्फिन बचाने के लिए,डॉल्फिन संरक्षण के लिए यहां के गंगा में डॉल्फिन सेंचुरी बनने जा रहा है।प्रशिक्षण लेकर आगे झारखंड को हरा भरा करने का,वन संरक्षण में, पर्यावरण को हरा भरा करने का कार्य करना है,जैव विविधता में बेहतर कार्य करना है।अमन ने बताया कि पिताजी ओम प्रकाश तिवारी किसान ओर ट्यूशन शिक्षक है। बड़ी बहन कोमल तिवारी बीएड करके सीटेट पास करके दिल्ली से मास्टर डिग्री कर रही है।छोटी बहन आस्था तिवारी लंदन कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में मास्टर इन पॉलिटिकल साइंस कर रही है।मां सुधा तिवारी हाउस वाइफ है।वही मां सुधा देवी ने कहा कि बेटा ने आईएफएस क्रैक करके मेरे परिवार को नया पहचान मिला है,बहुत खुशी मिला।आजकल के बच्चे बेहतर तैयारी करके जॉब ले अपने परिवार का नाम रौशन करे।अभी और आगे पढ़ाई करके बेहतर करना है।पढ़ाई में बहुत मेहनत करना है।आजकल के बच्चे स्कूली शिक्षा लेकर बेहतर करे। यूपीएससी की तैयारी करने वाले निरंतर पढ़े,सफलता अवश्य मिलेगी आईएफएस 27 रैंक लाने वाले अमन आयुष्कर ने यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं से कहा कि निरंतर पढ़ते रहना चाहिए,फेलियर पार्ट ऑफ जर्नी है। फेल होने के बाद भी जल्द से जल्द अपने आपको दुबारा तैयार करे और रेगुलर पढ़ाई करे अपनी तैयारी को मजबूत करे।

**साहिबगंज के युवा यूपीएससी क्रैक कर रहे :** जिला सहित शहर में लगातार यूपीएससी का बाढ़ आ गया है। पहले सकरूगढ़ निवासी ने यूपीएससी इंजीनियर क्रैक किया। उसके बाद कृष्ण नगर निवासी निहारिका सिन्हा ओर अब अमन आयुष्कर ने आईएफएस क्रैक किया है। जिससे युवा वर्ग में यूपीएससी क्रैक करने के प्रति जागरूक हो रहे है।

## जीईसी पलामू में अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन



**मेदिनीनगर:** गर्वमेंट इंजीनियरिंग कालेज में अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रयांगशाला का उद्घाटन किया गया। यह पहल संस्थान की तकनीकी शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। नई प्रयोगशाला में उच्च गति इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा लेटेस्ट सॉफ्टवेयर से लैस 14 जनरेशन कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को विश्वस्तरीय अध्ययन एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण का वातावरण प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर संस्थान केकोड हैक क्लब द्वारा विश्वप्रसिद्ध तकनीकी मंचगीक फॉर गीक के सहयोग से शनिवार, 9 मई को हैक एरेना-2026 का भव्य आयोजन किया गया। ग्रीक्स फासर ग्रीक्स कंप्यूटर साइंस एवं प्रोग्रामिंग शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मंच है, जो छात्रों को कोडिंग, एल्गोरिदम तथा तकनीकी साक्षात्कार की तैयारी में सहायता प्रदान करता है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रतिस्पर्धी कोडिंग, समस्या-समाधान तथा वास्तविक उद्योग जगत की चुनौतियों से रूबरू होने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रोग्रामिंग एवं लॉजिकल थिंकिंग क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कोडिंग एवं तकनीकी दक्षता युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हैक अरेना 2026 जैसे आयोजन संस्थान में नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता के वातावरण को बढ़ावा देंगे और छात्रों के प्लेसमेंट के अवसरों को भी गति प्रदान करेंगे। उन्होंने नई कंप्यूटर प्रयोगशाला को जीईसी पलामू के छात्रों के लिए एक नए युग की शुरूआत बताया।

संकाय सदस्यों ने जानकारी दी कि नई प्रयोगशाला में एक साथ बड़ी संख्या में छात्र प्रैक्टिकल कार्य कर सकेंगे। यहां प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं एवं तकनीकी प्रशिक्षण के लिए भी विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

कोड हैक क्लब के प्रभारी पदाधिकारी प्रो. भवेश कुमार ने कहा कि हैक अरेना -2026 जैसे आयोजन छात्रों में टीमवर्क, समस्या-समाधान क्षमता तथा नवाचार की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने GeeksForGeek2 के साथ इस साझेदारी को कॉलेज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि क्लब द्वारा डीबग मास्टर व कोड रिले आयोजन किया गया, जिससे छात्रों के बीच कोडिंग संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला केवल एक शिक्षण कक्ष नहीं, बल्कि नवाचार एवं सृजन का केंद्र बनेगी। भविष्य में आयोजित होने वाली कोडिंग प्रतियोगिताएं, हैकाथॉन एवं तकनीकी कार्यशालाएं भी इसी लैब में संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के सह-संयोजक प्रो. दीपक कुमार रवि रहे। कार्यक्रम में डॉ विनीते शेखर, डॉ हरि मोहन दुबे, डॉ मुरली मनोहर, डॉ योगेश कुमार, डॉ राजेश नारायण देव, डॉ अभिषेक शर्मा, डॉ दीपेश कुमार एवं प्रो निपेन कुमार सहित कई गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे संस्थान के विकास में एक मील का पत्थर बताया। क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में सूर्यवीर कुमार, अंकित कुमार, शिवम शुधांशु, नमन कुमार, धर्मेंद्र सहित क्लब के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मंडल रेल प्रबंधक ने डीडीयू जंक्शन से सिगसिगी तक किया निरीक्षण

# जपला स्टेशन पर परखी सुविधाएं ,स्टेशन व्यवस्थाओं संरक्षा संसाधनों व कार्यस्थलों का लिया जायजा

### मोहम्मद गंज, हैदर नगर, सिगसिगी एवं करकट्टा स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं एवं कार्यो का किया अवलोकन

**मेट्रोरेज संवाददाता**


**मेदिनीनगर:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना आज डीडीयू जंक्शन से निरीक्षण यान से चल निरीक्षण करते हुए जपला स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने जपला स्टेशन पर जारी विकास कार्य के साथ स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, रिले रूम, बैटरी रूम, आरपीएफ पोस्ट, सहित सिग्नल, इंजीनियरिंग एवं विद्युत विभाग से संबंधित कार्यस्थलों का अवलोकन किया। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन परिसर




तथा रेल क्षेत्र में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। स्टेशन पर स्थापित सोलर पैनलों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने जपला स्टेशन के संपूर्ण रेल परिक्षेत्र का पैदल भ्रमण कर विभिन्न रेल संसाधनों और व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी पहुंचकर कॉलोनीवासियों से संवाद करते हुए जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जपला स्टेशन पर स्थापित अग्निशमन यंत्र का परीक्षण भी कराया गया, ताकि आपात स्थिति में उनकी तत्पर उपलब्धता एवं कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए रेल कर्मियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही रेल कर्मियों हेतु ओआरएस के पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा चिकित्सा विभाग द्वारा जारी हीट वेव संबंधी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सिगसिगी एवं करकट्टा स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर, स्वच्छता एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद वापसी में मोहम्मदगंज तथा हैदर नगर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत विकास कार्य एवं मौजूदा सुविधाओं का किया अवलोकन।

## काम के बाद मलवा शहर में छोड़कर जाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करता नगर परिषद



**साहिबगंज:**शहर खूबसूरत बनाने के लिए शहर में जितने भी कार्य किए जा रहे हैं।चाहे संवेदक द्वारा चाहे शिवरेज का हो पानी सप्लाई का हो या एयरटेल जिओ का कार्य हो सब लोग अपने काम का निष्पादन के बाद मलवा को शहर में छोड़कर चले जाते हैं। ऐसे लोगों पर नगर परिषद की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है क्योंकि कमिशन का गहरा संबंध होता है जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी उसे उठाना नहीं चाहते हैं।जो लोग काम किए हैं वह अपने गैर जिम्मेदारी का परिचय देते हुए भुगतान लेकर जा चुके है। ऐसे में नगर परिषद पूरे शहर का भ्रमण कर ऐसे लावारिस मलवा एवं कचरा को व्यवस्थित ढंग से उठाने के लिए जेसीबी एवं ट्रैक्टर के साथ सफाई कर्मचारी का टीम पदाधिकारी एवं सभी वार्ड पार्षद अपने-अपने वार्ड से इस तरह के मलवा को हटाने का काम करवा दे।